CMYK

अधिकतम :29° C
न्यूनतम : 16° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 12 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 65 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे: योगी पेज 2




भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे खेल टाइम्स



ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेज 11



दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने पूर्व IPS पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था कि श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार के प्रयास का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था। दरअसल वायुसेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी।

### रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी का यह मामला 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़ा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) को धोखा देने से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने शुक्रवार रात दिल्ली में कई घंटे की पूछताछ के बाद अशोक कुमार पाल को हिरासत में लिया। एजेंसी ने उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। शनिवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी उनकी रिमांड की मांग कर सकती है।

# बागपत: मस्जिद में मौलाना की पत्नी व दो बेटियों की हत्या

## ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता



**बड़ौत।** गांगनौली गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हो गई। गांव की बड़ी मस्जिद के इमाम की पत्नी व उनके दो बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इन तीन हत्याओं का पता उस समय लगा, जब मस्जिद में प्रतिदिन पढ़ने आने वाले बच्चे वहां पहुंचे। यहां उन्हें जब कोई नहीं मिला, तो मस्जिद के ऊपर बने कमरे में पहुंचे।

वहां तीनों के शव खून से लथपथ बैड व फर्श पर पड़े देखकर बच्चे किलकारी मारते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने उनसे पूछताछ की, तो तब घटना का पता लगा। सूचना पाकर एसपी, एएसपी, सीओ व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि मौलाना इब्राहिम देवबन्द गए हुए थे। उन्हें घटना की सूचना दी गई। पुलिस शवों को कब्जे में करने लगी तो लोगों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से लोगों की जमकर नोक-झोंक हुई। लोगों ने एसपी के तीन दिन में हत्यारे का पता लगाकर जेल भेजने के आश्वासन पर शव उठने दिए। गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद में शामली जिले के सुन्ना गांव निवासी -शेष पृष्ठ दो पर

- पीट-पीटकर वारदात को दिया गया अंजाम, लोगों में भारी आक्रोश

### सिर पर भारी हथियार से किया गया वार

तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है। वारदात के वक्त मौलाना इब्राहिम घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

- कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण पर जोर दिया

भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है।

# मेरी भारत यात्रा से पाक में बेचैनी: अमीर मुत्ताकी

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने देवबन्द में कहा: भारत से रिश्ते होंगे मजबूत



- भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं: मुत्ताकी
- बोले- भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली

**देवबन्द।** देवबन्दी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबन्दी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई बातचीत को उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर-सवेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारुल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारुल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है, तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों -शेष पृष्ठ दो पर

### दारुल उलूम देवबन्द, जहां से उठती है इल्म और इंकलाब की रोशनी

अथर उस्मानी

**देवबन्द।** वो इल्मी और रूहानी मरकज़ जहां से न सिर्फ़ आलिम और मुफ़स्सिर निकले, बल्कि मुल्क की आज़ादी और उम्मत की रहनुमाई का अलम भी बुलंद हुआ।

दारुल उलूम देवबन्द की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अफ़ग़ानिस्तान के वज़ीर-ए-ख़ारिजा अमीर ख़ान मुत्ताक़ी खुद देवबन्द पहुंचे ताकि आखिरी सबक (दौर-ए-हदीस) पढ़ सकें, यानी वो मुक़ाम जहां से किसी आलिम की तकमील-ए- इल्म होती है। ये कोई मामूली वाक़या नहीं है। जिस शख़्स के ज़िम्मे एक मुल्क की बाहरी सियासत है, वो अब दारुल उलूम, देवबन्द के उस्तादों से इल्म की रोशनी लेने आया है, यानी इल्म की ताक़त को सियासत पर हावी मानना, यही असल देवबन्दी फ़िक्र है। 1857 की जंग-ए-आज़ादी के बाद जब अंग्रेज़ों ने दिल्ली की रूह को कुचल दिया, तो देवबन्द की इस ज़मीन पर कुछ सादगी पसंद उलेमा ने मशाल-ए-इल्म जलाई।

- दुनिया में बहुत से मदरसे हैं, लेकिन कुछ जगह वक्त से आगे निकलकर तारीख़ का हिस्सा बन जाती हैं, ऐसी ही एक जगह है दारुल उलूम

### पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है।

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: मोदी

## पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा, पीएम ने 35 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

**पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया उद्घाटन**



### ओडिशा में 160 करोड़ की दो मत्स्य परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा को एक बड़ी सौगात दी है। इसके तहत पीएम मोदी ने ओडिशा में करीब 160 करोड़ रुपये की दो बड़ी मछली पालन (मत्स्य) परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी। ये आयोजन दिल्ली से हुआ, जहां उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर दाल मिशन की भी शुरुआत की। ओडिशा की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल सिन्हा ने दो शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सेना के दो शहीद पैराट्रूपर्स लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष को पुष्पांजलि अर्पित की, जो एक आतंकवादी अभियान के दौरान खराब मौसम से जूझते हुए शहीद हो गए थे। लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष ने कोकरनाग के किश्तवाड़ रेंज में खराब मौसम की स्थिति से जूझते हुए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराज्यपाल ने कहा, ष्मैं सेना के बहादुर जवानों लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों की अनुकरणीय वीरता एवं निस्वार्थ सेवा के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। हम दुख की इस घड़ी में अपने शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अर्धरात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकभूईधर गांव में शुक्रवार की रात आठ बनवासी लोगों का रिहायशी बस्ती जलकर राख हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि रंजिश की वजह से बस्ती जलाया गया है। बताया जाता है कि गांव में पुलिस चौकी के पीछे तालाब की जमीन पर बनवासी बस्ती है। पीड़ितों के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे मड़हों में आग लग गई है। किसी तरह बस्ती के लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। अग्नि की लपटें इतनी तेज थी कि सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

## एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

# कालीन उद्यमी अमेरिकी टैरिफ से न घबराएं

भदोही, वार्ता



■ सीएम ने भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ष्जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है, जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है।

### पराली को लेकर योगी सख्त, शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य' किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है, वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जारी निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# वाई पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना ख+ाासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है। बसपा की मुखिया ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होना चाहिए और इसके लिये दोषियों को सख्त सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि सभ्य समाज को शर्मिन्दा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना होने पाएं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे, तो यह उचित होगा।

# जेएंडके: 25 पुस्तकों पर रोक के खिलाफ सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ का गठन

श्रीनगर, वार्ता

■ मामले पर पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर 'झूठे आख्यान और अलगाव वाद' का प्रचार करने वाली 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने के सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ का गठन किया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति राजेश ओसवाल तथा न्यायमूर्ति शहज़ाद अज़ीम शामिल हैं। यह पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पूर्ण पीठ का गठन न्यायालय की 30 सितम्बर की पूर्व टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें उसने याचिकाकर्ताओं द्वारा पुस्तकों की 'भ्रमाक और अतार्किक' कहे जाने की वैधता की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी।

पत्रकार डेविड देवदास, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक तथा अन्य की ओर से अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर याचिकाओं में गृह विभाग द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 95 के तहत इन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करती है और इसका कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग ने कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें अरुंधति रॉय और एजी नूरानी जैसी लेखिकाओं की पुस्तकें भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

### बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शुक्रवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। चीफ प्रॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कई थानों की पुलिस और एसीपी भेलूपुर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे चीफ प्रॉक्टर ने सूचना दी कि बिरला छात्रावास के छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों से बातचीत कर मामले को शांत किया। कुछ छात्र छात्रावास के बाहर खड़े थे। तभी वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने तीखे शब्दों में उन्हें अंदर जाने को कहा।

# अखिलेश का फेसबुक अकाउंट बहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट निलंबित होने के बाद बहाल कर दिया गया है।

पार्टी नेताओं की तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद उनका सोशल मीडिया अकाउंट फिर बहाल कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर इस कदम के पीछे होने का आरोप लगाया था। हालांकि सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने यह कार्रवाई की है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। दरअसल सूत्रों ने बताया कि उनके पेज को कथित तौर पर 'हिंसक यौन पोस्ट' पोस्ट करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को मेटा के एक अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद हमने पेज को बहाल कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का फेसबुक अकाउंट, जिसे 80 लाख से ज्यादा लोग फ़ॉलो करते हैं, शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास निलंबित कर दिया गया। अखिलेश यादव के पेज का इस्तेमाल अक्सर अपनी राय साझा करने, सरकार की कमियों को उजागर करने और राज्य भर के समर्थकों से जुड़ने के लिए किया जाता था। अकाउंट निलंबित होने के बाद सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा था, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां हर विरोधी आवाज़ को दबाया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया था।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82072.93
निफ्टी 2516.85

सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 184100
प्रति किलो

# खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता

■ 40 प्रतिशत से अधिक भरे हैं अन्न भंडार: कृषि मंत्री



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है। वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। सिंह ने कहा कि खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लांच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है। यूरिया और डीएपी के बढ़े हुए दामों का बोझ, सरकार किसानों पर नहीं आने देती और खुद ही बढ़ा हुआ व्यय वहन करती है।

### इस हफ्ते सोना और चांदी के भाव छू रहे आसमान

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आए दिन आसमान छू रहे हैं, लेकिन इस रेस में चांदी आगे निकल गई है। देश के कई शहरों में चांदी की कीमत 1 लाख 80 हजार के पार जा चुकी है। शनिवार को चांदी की कीमत 6 हजार रुपये महंगा हुई है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चांदी की कीमत 1,84,100 रुपये के पार जा चुकी हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,74,100 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इस समय भारत के चेन्नई में चांदी का भाव सबसे महंगा है। यहां चांदी 1,84,100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। चांदी की कीमतें रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में चांदी की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से सिल्वर की शॉर्टेज भी देखी जा रही है। भारत के कई शहरों में चांदी की कमी होने की वजह से ज्वेलर ग्राहकों से ऑर्डर तक नहीं ले रहे हैं। त्योहारों से पहले सोने-चांदी के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक हफ्ते में सोने के दामों में 2,276 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया। वहीं चांदी के भावों में 15,657 रुपये प्रति किलो की बड़ी छलांग देखी गई। हफ्ते के बीच 9 अक्टूबर को सोना 1,22,629 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था, जो इस सप्ताह का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, चांदी ने इस हफ्ते जबरदस्त तेजी दिखाई।

# गेहूं-चावल के भाव टूटे, चीनी महंगी खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में घटबढ़ रही, जबकि चीनी में तेजी का रुख देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 83 रुपये घटकर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं का भाव 10 रुपये फिसलकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ी और यह 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में सरसों तेल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 63 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 94 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 51 रुपये और वनस्पति के दाम 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये कम हुई। उड़द दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 37 रुपये और मसूर दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी का भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपये, मसूर काली 8144.80 रुपये, मूंग दाल 10108.98 रुपये, उड़द दाल 10453.79 रुपये, अरहर दाल 10525.29 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.28 रुपये और चावल 3774.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बागपत: ....** मौलाना इब्राहिम अपनी पत्नी इसराना, बेटी सोफिया 5 वर्षीय व सुमैया 2 वर्षीय के साथ रहते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना इब्राहिम करीब दस साल से मस्जिद में इमाम हैं। करीब छह साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह तब से पत्नी व बच्चों के साथ यहीं मस्जिद के ऊपर बने कमरे में रहते थे। वह इमामत करते हैं। उनकी पत्नी दोपहर बाद मस्जिद में आने वाले बच्चों को पढ़ाती थी। यह हृदय विदारक घटना दोपहर से पहले होने की संभावना है। जब करीब दोपहर बाद ढाई बजे बच्चे मस्जिद में पढ़ने गए, तब उन्हें पता लगा। बच्चों को जब वहां कोई दिखाई नहीं दिया, तो इसराना के कमरे में खोजते हुए पहुंच गए। वहां का दृश्य देखा, तो वह किलकारी मारते हुए उल्टे पैर ही दौड़ गए। उनके शोर से पड़ोस के लोग आए। बच्चों से पूछने लगे तो उन्होंने घटनाक्रम बताया। मौलाना की पत्नी व बच्चों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि, एसपी सूरज कुमार राय, एएसपी प्रवीण कुमार, सीओ विजय कुमार, एसएचओ सूर्यदीप के अलावा रमाला, बिनौली, छपरौली, दोघट थानों की पुलिस पहुंच गई। एसपी ने ग्रामीणों से पूछताछ की। शवों को कब्जे में करने के प्रयास किए। ग्रामीणों व मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह तीन दिन में मामले का पर्दाफाश कर देंगे, तब जाकर लोगों ने शवों को उठाने दिए। मृतक महिला के पति इब्राहिम को सूचना दे दी गई थी। पुलिस पुरे मामले की जांच की जुट गई है।

**मेरी भारत...** की तफसील से जानकारी दी। अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हासिल की है। दारुल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारुल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत- अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द हैं। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

# बीएचयू-आईआईटी ने 100 वर्ष पुराने पेड़ को किया पुनर्जीवित

वाराणसी, वार्ता

■ तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गया था पेड़

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने अपने इंस्टिट्यूट वर्क्स डिपार्टमेंट (आईडब्ल्यूडी) और उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के सहयोग से लगभग 100 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को सफलतापूर्वक पुन: खड़ा कर उसका जीवन रक्षित किया। यह पेड़ हाल ही में तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण गिर गया था।

संस्थान की आधिकारिक प्रवक्ता एवं संयुक्त कुलसचिव स्वाति बिस्वास ने शनिवार को बताया कि आईडब्ल्यूडी की तकनीकी विशेषज्ञता और बीएचयू के उद्यान विशेषज्ञों के सहयोग से दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा की सहायता से इस विशाल पेड़ को अत्यंत सावधानीपूर्वक खड़ा किया गया, ताकि इसकी जड़ों को किसी प्रकार की क्षति न हो। पेड़ को स्थिर रखने के लिए मिटी को मजबूत किया गया तथा आवश्यक जल और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबधता और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है। संस्थान प्रशासन ने इस समन्वित प्रयास की सराहना की और सभी संबंधित विभागों के योगदान की प्रशंसा की। संस्थान के निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य में तकनीकी सटीकता और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण था। कई टन वजन वाले इस पेड़ को जड़ों को क्षति पहुंचाए बिना अत्यंत सावधानी से उठाया गया। दो जेसीबी मशीनों से आधार समर्थन प्रदान किया गया, जबकि हाइड्रा के माध्यम से ऊर्ध्व दिशा में संरेखण सुनिश्चित किया गया। पुन:स्थापना के बाद मिटी को सुदृढ़ किया गया और जड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय किए गए। अगले कुछ सप्ताह तक पेड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि यह पूरी तरह स्थिर हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश की सभी सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त किया जाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि आम जनता को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक 52 प्रतिशत पैच वर्क का कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष कार्यों को त्वरित गति से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जनपदों का नियमित भ्रमण कर जनता से संवाद स्थापित करें और सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का जल्द पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय और सजगता के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय, अपर सचिव विनीत कुमार व लोनीवी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण

# जांच रिपोर्ट आते ही परीक्षा रद्द



■ तीन महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला

■ 21 सितंबर को हुई थी प्रदेश में स्नातक स्तरीय परीक्षा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार की और से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा को रद्द करने और तीन महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराई जाने का फैसला लिया गया है। वहीं, जांच के लिए गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपी दी है। आयोग ने 21 सितंबर को प्रदेश में स्नातक स्तरीय परीक्षा कराई थी, जिसमें करीब एक लाख पांच हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

शनिवार को यूकेएसएसएससी ने भर्ती परीक्षा को निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोग की ओर से कहा गया कि अन्य परीक्षाओं पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। जांच के लिए गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग की रिपोर्ट सौंपने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया।

पेपर लीक प्रकरण के बाद उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले प्रदेश के युवा धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इस बीच सीएम धामी युवाओं के बीच पहुंचे थे। उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद युवाओं ने अपना धरना खत्म किया था।

मामले में कार्रवाई के लिए युवाओं ने सरकार को दस दिन का समय दिया था, जिसकी मियाद आज पूरी हो रही थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी और सरकार ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। इस फैसले के बाद जहां भाजपा सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, कांग्रेस ने कई सवाल खड़े किये हैं। कांग्रेस आयोग अध्यक्ष को हटाने की मांग कर रही है।

## जस्टिस ध्यानी ने सीएम को सौंपी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अपनी 21 सितंबर को हुई स्नातकोत्तर स्तरीय भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है इस परीक्षा में पेपर लीक के प्रकरण को लेकर छात्रों ने आंदोलन किया था दूसरी तरफ इस मामले की जांच कर रहे जस्टिस ध्यान आयोग ने अपनी रिपोर्ट शनिवार को मुख्यमंत्री को सौंप दी है।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 21 सितंबर, 2025 को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के लिये राज्य सरकार की और से गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग ने शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। आयोग की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी द्वारा की गई।



■ सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्धः सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आयोग ने अल्प समय में अधिक से अधिक जनसुनवाई कर अभ्यर्थियों एवं संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जो सराहनीय है। कहा कि राज्य सरकार रिपोर्ट का परीक्षण कर अभ्यर्थियों के हित में निर्णय लेगी। उन्होंने बताया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति की जा चुकी है, जिससे मामले की पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भर्ती परीक्षा में अनियमितता की कोई संभावना न रहे और अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों का विश्वास राज्य की परीक्षा प्रणाली पर बना रहे।

### पेपर लीक प्रकरण कब क्या हुआ

21 सितंबर 2025 को यूकेएसएसएससी ने ग्रेजुएट लेवल के 416 पदों के लिए परीक्षा आयोजित कराई थी। परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही प्रश्न-पत्र के कुछ पन्ने सोशल मीडिया पर लीक हो गए। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट हरिद्वार से एग्जाम सेंटर से प्रश्न-पत्र के कुछ पन्ने बाहर आये। इस सेंटर के तीन कमरों कमरा नंबर 9, 17 और 18 शामिल जैंमर नहीं लगा था। आरोप है कि परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद इंविजिलेटर से अनुमति लेकर खालिद बाहर निकला था। वॉशरूम में जाकर खालिद ने पेपर के कुछ शॉट क्लिक कर तीन पेज अपनी बहन साबिया को भेजे थे। साबिया ने वो पेपर प्रोफेसर सुमन को भेजे और प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। सुमन ने बॉबी पंवार को जानकारी दी। बॉबी पंवार ने ये खबर वायरल की, जिसके बाद पूरे प्रदेश में हंगामा मच गया। पुलिस ने प्रोफेसर सुमन से पूछताछ के बाद साबिया और खालिद को गिरफ्तार किया।

## परीक्षा निरस्तगी का निर्णय स्वागत योग्य : भट्ट

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** भाजपा ने यूकेएसएसएससी ने स्नातक स्तरीय परीक्षा निरस्त करने को छात्र भावना अनुरूप बताते हुए स्वागत किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, हमारी सरकार के लिए छात्रहित सर्वोपरि, लिहाजा मुख्यमंत्री की पहल पर दोबारा परीक्षा के इस साहसिक निर्णय में, संगठन और जनता पूरी मजबूती से उनके साथ हैं। यूकेएसएसएससी द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा को निरस्त करने के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे छात्रों की शंकाओं के पूर्ण निवारण के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही पार्टी और सरकार का स्पष्ट मत रहा है कि भर्ती परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी, ईमानदार, व्यवस्थित और समयबद्ध हो।

## नकल प्रकरण में फजीहत झेल रही कांग्रेसः चौहान

**देहरादून ( शाह टाइम्स ) ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस नही चाहती थी कि नकल प्रकरण मे युवाओं की इच्छा को तरजीह मिले, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजनीति के उच्च मानदंडों का पालन करते हुए आंदोलरत छात्रों के बीच गए और उनकी मांगों को विनम्रता से सुनकर सीबीआई जांच की संतुति की। उन्होंने कांग्रेस के अभियान के दावे को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि कांग्रेस को जनता का समर्थन नही है।

### पीएम धन-धन्य कृषि योजनाया

## चमोली व अल्मोड़ा का चयन गौरव की बातः जोशी

■ प्रधानमंत्री के देश के किसानों को 42,000 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं के उपहार कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए कृषि मंत्री

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को गढ़ी कैंट स्थित हरबंस कपूर मेमोरियल हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों को 42,000 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं के भव्य उपहार कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और कैंट विधायक सविता




कपूर भी उपस्थित रहीं। देहरादून में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सैकड़ों कृषक एवं बागवान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा (नई दिल्ली) से "पीएम धन-धान्य कृषि योजना" एवं "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया।

यह योजना 6 वर्षों तक चलेगी, जिसके लिए प्रति वर्ष 24,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजना का संचालन नीति आयोग, कृषि विश्वविद्यालयों एवं 11 मंत्रालयों के समन्वय से जिला-स्तर की कार्ययोजनाओं के माध्यम से किया जाएगा, जिससे ग्रामीण आजीविका को सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और कैंट विधायक

### प्रदेश में कृषि का क्षेत्रफल 5,51 लाख हेक्टेयर

कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि प्रदेश में कृषि का क्षेत्रफल 5.51 लाख हेक्टेयर है और उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियाँ फल, सब्जी, मसाला, पुष्प, मशरूम और शहद उत्पादन जैसी विविध फसलों के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ मैदानी क्षेत्र खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी हैं, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में औद्यानिकी विकास की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की स्थानीय फसलें मंडुवा, झंगोरा, चौलाई, भट्ट, राजमा और लाल धान राज्य की कृषि पहचान हैं। सरकार द्वारा इनके संवर्धन और संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### सीएम के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में हो रहा अभूतपूर्व काम

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में किसानों की प्राथमिकताओं को सर्वोपरि रखते हुए युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कृषकों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 102 महिला समूहों को ड्रोन वितरण करने और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इससे महिला किसान आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सकेंगी और अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकेंगी।

सविता कपूर, जैविक परिषद उपाध्यक्ष भूपेश उपाध्याय, सचिव कृषि एसएन पांडेय, अपर सचिव ग्राम्य विकास झरना कमठान, आयुक्त ग्राम्य विकास अनुराधा पाल आदि उपस्थित रहे।

## सरकार व भाजपा युवाओं से माफी मांगेः कांग्रेस

■ कब होगी सीबीआई जांच और कब होंगे मर्तोलिया बर्खास्तः धस्माना



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** स्नातक स्तरीय परीक्षा के रद्द होने के निर्णय की घोषणा होते ही प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर फिर हमला बोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि विगत 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा के पेपर लीक से साफ इनकार करते हुए उसे मात्र एक सेंटर में नकल का मामूली बताने वाली सरकार व भाजपा को अब इस लीक के खिलाफ आंदोलनरत नौजवानों व प्रदेश के लाखों युवा जो इस लीक के खिलाफ आंदोलनरत परीक्षार्थियों का समर्थन कर रहे थे उनको अर्बन नक्सल, देश द्रोही, टुकड़े-टुकड़े गैंग, सनातन विरोधी और नकल जिहादी जैसे अलंकार लगा कर आरोपित करने के लिए कान पकड़ कर माफी मांगनी चाहिए।

धस्माना ने कहा कि राज्य की सरकार ने एकल सदस्य जांच आयोग की सिफारिश पर पेपर रद्द तो कर दिया, मगर जनता को यह नहीं बताया कि पूरे प्रकरण की और इस नकल माफिया और इसके करता धर्ताओ के संरक्षकों का खुलासा करने के लिए सीबीआई की जांच जिसकी संस्तुति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की है वो कब शुरू होगी और इस पूरे पेपर लीक के लिए जिम्मेदार यूके ट्रिपल एससी अध्यक्ष गणेश मर्तोलिया को सरकार कब बर्खास्त करेगी ।

धस्माना ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही दिन तीन सूत्री मांग को लेकर राज्य व्यापी आंदोलन शुरू किया था और आज भी पार्टी का यह मानना है कि केवल पेपर रद्द करना काफी नहीं है बल्कि सरकार को केंदीय ग्रह मंत्रालय से बात कर सीबीआई जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में शुरू करवानी चाहिए । पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस श्रम विभाग अध्यक्ष दिनेश सिंह कौशल, पार्टी नेता लखी राम बिजलवान, गुल मोहम्मद व संतोष नैनवाल मौजूद रहे।

## डिजिटल एजुकेशन से और प्रभावी होगी पढ़ाईः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ डिजिटल शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के 840 राजकीय विद्यालयों को वर्चुअल क्लास नेटवर्क से जोड़ दिये गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा (देहरादून) में स्थापित केन्द्रीयकृत स्टूडियो का उद्घाटन कर इस योजना का शुभारंभ कर दिया है।

इस अवसर पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और समावेशी बनाने के लिये संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा कर बच्चों को डिजिटल माध्यम से भी पढ़ाई का अवसर उपलब्ध कराना है ताकि बच्चे तकनीकी दुनिया के साथ कदम से कदम मिला सकें।

डॉ रावत ने कहा कि आईसीटी योजना के अन्तर्गत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के 840 विद्यालयों में हाईब्रिड मोड में वर्चुअल तथा स्मार्ट कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। जिससे प्रदेश के सूदूरवर्ती क्षेत्रों तक डिजिटल शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में डिजिटल प्रसारण के लिए राजीव गांधी नवोदय विद्यालय रायपुर, देहरादून, में दो नवीन केन्द्रीय वर्चुअल स्टूडियो का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर रायपुर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ', अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु, महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

## कुमारी शैलजा 13 को पहुंचेगी उत्तराखण्ड

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा 13 को उत्तराखण्ड पहुंच रही हैं। शैलजा पर आरोप लगता रहा है की प्रभारी बनने के बाद उन्होने प्रदेश को अधिक समय नही दिया। अब चुनावी समर शुरू होने से पहले उनकी आमद से कांग्रेसियों में उर्जा का संचार होने की आशा है। कुमारी शैलजा 13 अक्टूबर को नरेंद्र गार्डन, भगवानपुर रूड़की पहुंचेगी, जहा वह वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में सम्मिलित होंगी। उसके बाद भगवानपुर से लक्सर जाते हुए लंढौरा (खानपुर) में बाइक रैली में प्रभारी का स्वागत किया जाएगा।

## 326 मेधावी बालिकाओं को मिली मोबाइल की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने पूरे प्रदेश के सभी जिलों से आई 2024 और 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रही 326 मेधावी बालिक. ाओं को पुरस्कार स्वरूप मोबाइल फोन भेंट किया। मुख्य सेवक सदन, गढ़ी कैंट में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शबालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रमश का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि साल 2013 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत अब तक प्रदेश की कुल 2029




मेधावी बालिकाएं तकनीकी रूप से सशक्त बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बालिकाओं, महिलाओं को आर्थिक व सामा. जिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास में जुटी है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के उस विचार का उल्लेख किया, जिसमें समाज की प्रगति को महिलाओं की प्रगति से मापने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार बेटियों के सशक्तिकरण और आर्थिक आजादी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश की बेटियों को चुनौतियों का सामना करते हुए खुद अपने रास्ते गढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी बालिकाओं को रोटी कपड़ा और मकान जैसी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में लैंगिक असमानता की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए 30% आरक्षण की व्यवस्था कर उनके लिए अवसर बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता लागू करके हर महिला को बराबरी का अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, राज्य मंत्री प्रताप सिंह पवार, उपनिदेशक विक्रम सिंह, परियोजना अधिकारी मोहित चौधरी, नीतू फुलेरा आदि उपस्थित रहे ।

## दुर्गम क्षेत्रों में तैनात वन कर्मियों को मिलेगा आवासीय भत्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए हुए है। इसी क्रम में वन विभाग के अंतर्गत दुर्गम क्षेत्रों में तैनात वन कर्मियों को अब आवासीय भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वनकर्मी प्रदेश की बहुमूल्य वन संपदा और वन्यजीवों की रक्षा में दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। दूरस्थ और दुर्गम चौकियों पर तैनाती के दौरान उन्हें अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है। ऐसे में उनके परिवार के लिए अलग से आवास व्यवस्था करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होती है। सरकार ने इस कठिनाई को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि दुर्गम क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां तैनात वन कर्मियों को आवासीय भत्ता अनुमन्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उन वनकर्मियों के लिए राहत लेकर आएगा जो जंगलों की सुरक्षा में लगातार जुटे रहते हैं। शासन द्वारा वित्त विभाग की सहमति से ऐसे दुर्गम क्षेत्रों की पहचान की जाएगी, जहां यह सुविधा लागू होगी। वन विभाग के कर्मचारियों ने इस निर्णय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त किया है।

## 840 सरकारी स्कूलों में हाइब्रिड स्मार्ट क्लास और स्टूडियो शुरू

■ मुख्यमंत्री ने वर्चुअल स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा (देहरादून) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा विद्यालयी शिक्षा में आई.सी.टी. योजना के अंतर्गत 840 राजकीय विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में संचालित वर्चुअल एवं स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया।

### 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित हो रहीः धामी



मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है तथा 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थी 'उत्तराखंड वर्चुअल लर्निंग एप्लीकेशन' के माध्यम से घर बैठे आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से बच्चे स्वयं अपना मूल्यांकन भी कर सकेंगे। इस ऐप के जरिए विद्यार्थियों को देश और राज्य के जाने-माने शिक्षकों से सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक ऑनलाइन शिक्षा पहुँचाने के लिए 5-पीएम ई-विद्या चौनल भी संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। राज्य के प्रत्येक विकासखंड के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजा जा रहा है। राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में 8 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है, जिससे 42 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की इस ऐतिहासिक पहल के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, जिससे प्रदेश के बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल तकनीक, वर्चुअल प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से अनेक संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। इन नवाचारों के माध्यम से पाठ्यक्रम अधिक रोचक और सरल बन रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी विशेषज्ञों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहाँ बुनियादी शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा तैयार की गई है। विद्यालयों में 'बस्तारहित दिवस' को शामिल किया गया है। सरकार द्वारा स्थानीय भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी भाषाओं में पुस्तकें तैयार की गई हैं। थारू, बोक्सा और रवांल्टी भाषाओं में शब्दकोश भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'हमारी विरासत' पुस्तक के माध्यम से कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को भारत की संस्कृति, लोक परंपरा और महान विभूतियों के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में एन.सी.ई. आर.टी. की पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य की गई हैं तथा राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक उमेश शर्मा 'काऊ', अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु, महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

## यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया 24 से

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में युवा कांग्रेस की सदस्यता अभियान एवं संगठन चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और सदस्यता अभियान का पोस्टर भी लॉच किया गया। आगामी 24 अक्टूबर से यूथ कांग्रेस के विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। विधानसभा समन्वयक नरेंद्र कुमार ने बताया कि युवा कांग्रेस का चुनाव पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया से संपन्न होगा। सदस्यता और नामांकन प्रक्रिया 24 अक्टूबर से शुरू होगी, जिसमें 18 से 35 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकेंगे। सदस्यता के लिए जन्मतिथि की सीमा 26 अक्टूबर 1989 से 24 अक्टूबर 2007 तक निर्धारित की गई है।

# निजी स्कूलों में एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम शुरू

## 1.32 लाख बच्चों को मिलेगा आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी को अनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को और सशक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अब निजी विद्यालयों में भी अनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। यह महत्वपूर्ण कदम बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। सोमवार को न्यू टिहरी के सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने किया।

इस अवसर पर राज्य स्तर की टेक्निकल टीम के कोऑर्डिनेटर मोनू शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

■ सरकारी स्कूलों के बाद अब 299 निजी विद्यालयों में पहुंचेगा 'अनीमिया मुक्त अभियान' का लाभ

से जिला प्रबंधक नरेंद्र रावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकगण मौजूद रहे। समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों को अनीमिया से संबंधित जानकारी देते हुए डॉ. विजय ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब हमारे बच्चे पोषण की दृष्टि से मजबूत हों।

वर्ष 2018 से सरकारी विद्यालयों में संचालित यह कार्यक्रम अब 299 निजी विद्यालयों तक विस्तारित किया गया है। इसके तहत जनपद के कुल 1,887 सरकारी स्कूलों और नए शामिल हुए निजी स्कूलों के लगभग 1.32 लाख विद्यार्थियोंकृकिशोरों और किशो. रियोंकृको इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के अनुसार प्रत्येक सोमवार को सभी नामांकित छात्र-छात्राओं को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की गोली दी जाएगी। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसके नियमित सेवन से बच्चों के हीमोग्लोबिन स्तर में सुधार होने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता और एकाग्रता में भी वृद्धि होगी। सीएमओ डॉ. विजय ने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को यह दवा नियमित रूप से देने में सहयोग करें, ताकि अनीमिया जैसी गंभीर समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाएगा, बल्कि उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को भी सकारात्मक दिशा देगा।

अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत यह पहल टिहरी जिले को स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज की दिशा में अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## बिजली कटौती से व्यापारी परेशान

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत लगातार हो रही बिजली कटौती से स्थानीय लोग सहित व्यापारी परेशान है। बिजली कटौती से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। स्थानीय व्यपारी तनुज बडोनी ने कहा कि बिजली कटौती के कारण परेशानियां हो रही है। बताया कि प्रतियोगी परिक्षाओं सहित महत्वपूर्ण दास्तावेज निकालने पहुंच रहें छात्रों सहित लोगों को बिजली न होने के कारण बैरंग लौटना पड़ रहा है। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से किए जाने की मांग की है। जीएस रावत ने बताया कि हाल ही विभिन्न स्थानों पर आयी आपदा के चलते विद्युत लाइने क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## गंगा में नहाने गई महिला बही, शव बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी**,। शनिवार को गंगा जी में नाहने गई महिला का पांव फिसलने से बह गई है। घटना जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के मनेरा दिलसौड के पास की है। सरोजनी देवी उम्र 58 वर्ष पत्नी बच्चन सिंह पंवार,ग्राम धराली हाल निवास बड़ेथी है।

सूचना पर एनडीआरएफ की टीम तैनात है तथा एसडीआरएफ व एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे।

रेस्क्यू टीम ने महिला के शव को गंगा जी से रेस्क्यू कर जिला अस्पताल उत्तरकाशी भेज दिया है। जिला परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची है। महिला के शव को निकाल लिया है।

## परिवहन विभाग का अभियान नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल के दिशा-निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुनिकीरेती-टिहरी मोटर मार्ग पर दो दिवसीय सघन प्रवर्तन अभियान गुरुवार और शुक्रवार को संचालित किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र राज ने बताया कि अभियान के दौरान विभाग की टीम ने सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की। एमवी एक्ट के तहत बिना हेलमेट, बिना पंजीकरण, बिना बीमा, बिना कर, ओवरलोड, ओवरस्पीड, बिना लाइसेंस एवं बिना एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 65 चालान किए गए, जबकि 5 वाहनों को जब्त किया गया।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराना है, बल्कि आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन के सभी दस्तावेज पूरे रखें और सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम में शैलेंद्र बिष्ट, अनंत राम रावत, अर्जुन सिंह, विपिन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया करवाचौथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** पुलिस परिवार की महिलाओं एवं महिला पुलिस कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती सरिता डोबाल के निर्देशन में करवाचौथ पर्व के अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानसू उत्तरकाशी में ष्करवाचौथ कार्यक्रमष् का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे पुलिस परिवार की महिलाओं एवं महिला पुलिस कर्मियों हेतु 2 प्रतियोगितायें "साज-सज्जा" तथा "स्पेशल टैलेंट" आयोजित की गयी, जिनमें पुलिस विभाग की महिला कर्मचारियों द्वारा बढ-चढकर प्रतिभाग कर विभिन्न नृत्य, लोकनृत्य, पारंपरिक गीतो/कविता का गायन, चुटकुले, रैम्प वॉक व अन्य प्रतिभायें प्रस्तुत की गयी। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के बच्चों(किड्स, जूनियर व सीनियर तीन वर्ग) हेतु ड्राइंग प्रतियोगिता का



■ पुलिस परिवार और महिला पुलिस कर्मियों ने आयोजित की प्रतियोगिताएं

भी आयोजन किया गया।कार्यक्रमों में सम्मिलित हुये प्रतिभागियों मे से अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जज (पुलिस अधीक्षक उत्तरक. ाशी श्रीमती सरिता डोबाल एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीमती भावना कैंथोला) द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। साज-सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती मधु, द्वितीय श्रीमती गीता कोठारी तथा श्रीमती रीता कण्डारी तीसरे स्थान पर रहीं। स्पेशल टैलेंट में श्रीमती वन्दना शर्मा(प्रथम), श्रीमती दीपिका मैठाणी(द्वितीय) जबकि महिला आरक्षी श्रीमती सरस्वती तीसरे स्थान पर रही। ड्राइंग प्रतियोगिता (किड्स) में आयुष्मान शाह प्रथम, वासू द्वितीय तथा श्रेयश तीसरे स्थान पर रहे, जूनियर वर्ग में गार्गी मैठाणी प्रथम, विनायक शाह द्वितीय तथा सिया तीसरे स्थान पर रहीं, वहीं सीनियर वर्ग मे रिवाली तोमर को पहला, आराध्या तोमर को दूसरा जबकि गौरी कण्वाल को तीसरा स्थान प्राप्त हुया।कार्यक्रम के अन्त में एसपी उत्तरकाशी महोदया द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया गया । कार्यक्रम मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक की माता. जी श्रीमती सरोज रावत बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी महिला काउंसलिंग सैल, गीता द्वारा किया गया तथा मंच संचालन महिला आरक्षी श्रीमती किरन नौटियाल द्वारा किया गया।

### एक नजर .......

## रोटरी क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

**कोटद्वार ।** रोटरी क्लब कोटद्वार व बेस चिकित्सालय कोटद्वार के तत्वावधान मे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूली बच्चो की लकड़ी पड़ाव में पल्स पोलियो जागरूकता रैली निक. ाली गई । जिसमें जनता से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो खुराक पिलाने की अपील की गई । शनिवार को गाड़ीघाट स्थित जेपी इन्टर कालेज में आयोजित उक्त रैली का शुभारंभ रोटरी क्लब के सचिव विजय कुमार ने किया । इस अवसर पर उन्होंने पोलियो खुराक पिलाने की अपील की । रैली झुलाबस्ती, मोविननगर, स्टेडियम कॉलोनी, लकड़ी पड़ाव, प्रजापतिनगर, काशीरामपुर तल्ला होते हुए वापस जेपी इण्टर कालेज मे समाप्त हुई ।इस अवसर पर पोलियो चेयरमैन गोपाल बंसल, धीरजधर बछवाण व विजय कुमार माहेश्वरी ने विचार व्यक्त किए । रैली मे नगर पालिका प्राथमिक विद्यालय नम्बर 3 व 11 तथा जेपी इण्टर कालेज के लगभग 100 बच्चो ने भाग लिया। इस अवसर पर सचिव विजयकुमार, पल्स पोलियो प्रभारी गोपाल बंसल, धीरजधर बछवाण, विजय कुमार माहेश्वरी, सुभाष बहुगुणा, रश्मि नेगी, विशेश्वरी देवी, वकार अहमद, केसी कुकरेती, विवेक कुकरेती, चन्द्रमोहन सिंह नेगी इत्यादि उपस्थित थे ।

## भूतपूर्व सैनिक गजे सिंह रौथाण बने जीएमओयू लिमिटेड संचालक मंडल के अध्यक्ष

**कोटद्वार ।** यातायात कंपनी जीएमओयू लिमिटेड के संचालक मंडल का अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक गजे सिंह रौथाण को चुन लिया गया है। इसके बाद कंपनी की उपसमितियों का गठन भी किया गया। इस संबंध में शनिवार को संचालक मंडल के सदस्यों की कंपनी मुख्यालय में आयोजित बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव संचालक ताजबर सिंह खत्री ने किया और संच. ालक गणेश भट्ट के अनुमोदन के पश्चात उनको संचालक मंडल का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। तत्पश्चात गठित उपसमितियों में अर्जुन सिंह रावत को अध्यक्ष वित्त समिति, संजय कुमार बड़थ्वाल को अध्यक्ष पेट्रोल समिति, गणेश भट्ट को अध्यक्ष यातायात समिति और ताजबर सिंह खत्री को भूमि, भवन व पर्यटन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सचिव विजयपाल सिंह नेगी, पर्यटन अधिकारी अनिल बर्गली, सहायक यातायात प्रबंधक दीपक सिंह नेगी और कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष गोपाल रावत सहित समस्त संचालक मौजूद रहे।

## केदारघाटी के सौड़ी में युवती ने लगाई नदी में छलांग

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के सौड़ी में एक युवती ने मंदाकिनी नदी में छलांग लगा दी। पास में मौजूद एक नेपाली व्यक्ति ने युवती को नदी से बाहर निकाला। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके भी मौके पर पहुंची और युवती को 108 एम्बुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। शनिवार को शिक्षा पुत्री देवी लाल उम्र 18 वर्ष ने सौड़ी के पास मंदाकिनी नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने जब इस घटना को देखा तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर भेजा। अपर उपनिरीक्षक हरीश बंगारी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने पर टीम ने देखा कि एक नेपाली मूल के व्यक्ति ने युवती को नदी से सकुशल निकाल लिया है। टीम की ओर से तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए युवती को सुरक्षित राजमार्ग तक पहुंचाया गया और फिर प्राथमिक उपचार को लेकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया।

## करवा चौथ पर सुहागिनों को चांद ने करवाया बहुत लंबा इंतजार



**उत्तरकाशी** जिलेभर में सुहागनों ने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा है। इस दिन व्रत-उपासना से पति की आयु लंबी होती है और दांपत्य जीवन में सुख-संपन्नता बनी रहती है। यह व्रत निर्जला रखा जाता है और रात को चांद देखने के बाद ही सुहागनें पति के हाथ से जल ग्रहण कर उपवास खोलती हैं। इस साल करवा चौथ पर सुहागनों को चांद ने बहुत इंतजार करवाया है। लगभग नौ बजकर 40 मिनट पर चांद ने दर्शन दिए। जबकि कुछ स्थानों पर बादल छाए होने से चांद ने देर से दर्शन दिए।

# पुलिस ने नशा तस्कर किया गिरफ्तार, स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना मुनिकीरेती पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर 17 ग्राम स्मैक बरामद की गई। अंत. रराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसएसपी आयुष अग्रवाल ने



पुलिस टीम की इस सफलता पर सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "नशामुक्त उत्तराखंड" अभियान को साकार करने के लिए जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे का व्यापार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार, मुनिकीरेती थाना पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने बीती रात ढालवाला क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक स्कूटी सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके पास से 17 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपी शुभम पुत्र अशोक थापा, निवासी काले की ढाल, थाना ऋषिकेश, जनपद देहरादून को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक की सप्लाई के लिए टिहरी क्षेत्र में आया था। फिलहाल पुलिस आरोपी के नेटवर्क और सप्लाई चौन की जांच में जुटी है।

इस कार्रवाई में एसआई शैलेंद्र नेगी, हेका प्रवीन नेगी, एएनटीएफ के एसआई अनुज सिंह और विपुल की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की कार्यवाहियां भविष्य में और भी तेज की जाएंगी ताकि जनपद को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को जल्द पूरा किया जा सके।

## मुलायम सिंह रावत बने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भाजपा युवा मोर्चा में टिहरी जनपद के थौलधार ब्लॉक निवासी मुलायम सिंह रावत को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिष्ठान वितरण कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह रावत लंबे समय से युवाओं के बीच सक्रिय हैं और संगठन के लिए लगातार समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

मुलायम सिंह रावत वर्तमान में मुख्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और पूरे प्रदेश में उनकी अच्छी पकड़ और पहचान है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके प्रदेश महामंत्री बनने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मुलायम सिंह रावत को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष उदय रावत, महामंत्री बलवंत रावत, जयेंद्र सेमवाल, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, तौफिक अहमद,आदि मौजूद थे।

## रेनबों स्कूल के उदित ने कि एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण

**श्रीनगर।** रेनबो पब्लिक स्कूल श्रीनगर के उदित शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग की एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। उदित की एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परि. जनों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। रेनबों पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. रेखा उनियाल ने बताया कि उदित शर्मा ने एनडीए परीक्षा में ऑल इंडिया 343 रैंक हासिल की है। बताया कि उदित ने मेहनत और अनुशासन के बलबूते यह मुकाम हासिल किया है। उदित की सफलता पर छात्रा, शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है।

# 'मैं लड़की हूं, मैं बदलाव लाती हूं' गूंजा बालिका सशक्तिकरण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** लण्डौर कम्युनिटी हॉस्पिटल मसूरी के सौजन्य से संवे. दना प्रोजेक्ट के तहत डीआरसी ढाणा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम "मैं जो लड़की हूं, मैं बदलाव लाती हूं" के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं की भूमिका, उनके अधिकारों एवं समाज में समान भागीदारी पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली के अंतर्गत नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों का सम्मान भी किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि जौनपुर ब्लॉक प्रमुख

■ संवेदना प्रोजेक्ट के तहत मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, लण्डौर कम्युनिटी हॉस्पिटल मसूरी के सौजन्य से बेटियों के हक और सम्मान पर हुआ संवाद

सीता पंवार रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल अनिल थापा (डीएलएफ) उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि जौनपुर ब्लॉक प्रमुख सीता पंवार ने कहा कि "बालिका समाज की रीढ़ है।

हर लड़की को समान अवसर और




सम्मान देना ही सशक्त भारत की नींव है।" उन्होंने संवेदना प्रोजेक्ट की पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

वहीं विशिष्ट अतिथि कर्नल अनिल थापा (डीएलएफ) ने अपने संबोधन में कहा कि "लड़कियां किसी से कम नहीं हैं, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें प्रोत्साहन और सही दिशा देने की।" उन्होंने ग्रामीण अंचलों में बालिका शिक्षा और सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

इस अवसर पर एचआईएम मसूरी के प्रदीप सिंह ने कहा कि बालिका केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की शक्ति होती है। प्रत्येक परिवार को चाहिए कि वे लड़कियों को समान अवसर एवं अधिकार प्रदान करें ताकि वे समाज में अपनी पहचान बना सकें।

कार्यक्रम में बुडस्टॉक मसूरी के स्कूली बच्चों ने बालिका सशक्तिकरण पर आधारित नाटक एवं कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।

प्रोजेक्ट मैनेजर राजकुमार ने लैंडौर कम्युनिटी हॉस्पिटल मसूरी की संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी, वहीं होप प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ऐना ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की सुरक्षा और देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानक. ारियां साझा कीं।

इस मौके पर सविता देवी (सदस्य जिला पंचायत ख्यार्शी), ममता रावत (सदस्य जिला पंचायत बंग्लो की कांडी), सहित जौनपुर क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सुंदर संच. ालन सुशील थपलियाल ने किया।

# केदारसभा ने की बीकेटीसी अध्यक्ष को हटाने की मांग

■ अध्यक्ष की कार्यशैली से तीर्थ पुरोहित समाज से लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश ,बीकेटीसी अध्यक्ष को नहीं हटाए जाने पर दी जनांदोलन की चेतावनी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष को हटाये जाने को लेकर केदारसभा ने बिगुल फूँक दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि मंदिर समिति अध्यक्ष मात्र कुर्सी में बैठकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्हें धामों के विकास को लेकर कोई चिंता नहीं है। ऐसे में उन्हें इस पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें कपाट बंद होने से पहले नहीं हटाया गया तो तीर्थ पुरोहित समाज और स्थानीय लोग जनांदोलन के लिए मजबूर हो जायेंगे।

केदारसभा की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा गया कि बीकेटीसी अध्यक्ष की कार्यशैली तीर्थ पुरोहित समाज और स्थानीय लोगों के साथ सही नहीं है। उनके व्यवहार से हरकोई परेशान है। चारधाम महा पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने कहा कि बीकेटीसी अध्यक्ष धार्मिक परम्पराओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

बीते दिन प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी केदारनाथ धाम पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य पुजारी और केदारसभा अध्यक्ष को दूर रखा गया। बीकेटीसी अध्यक्ष अपनी मनमानी कर रहे हैं। वीआईपी दर्शन पर कंट्रोल नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर कोई पॉलिसी नहीं बनाई जा रही है। भोगमंडी नजदीक होनी चाहिए। पुजारी आवास आज तक नहीं बना है। हजारों यात्री बिना दर्शन के ही लौट रहे हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष वीवीआईपी और वीआईपी के स्वागत में जुटे हैं। गर्भगृह में मंदिर समिति के कर्मचारियों की तानाशाही देखने को मिल रही है। गर्भगृह का सोना पिघल गया है। मंदिर समिति को चढ़ने वाले चढ़ावा का वारा-न्यारा किया जा रहा है। पत्र में केदारसभा के अध्यक्ष राज. कुमार तिवारी, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी, आलोक वाजपेयी, प्रदीप शर्मा सहित कई लोगों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

## प्रो. नैथानी उदयपुर में प्रकृति अवार्ड से सम्मानित

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रो. भानु प्रसाद नैथानी को उदयपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्रकृति कान्फ्रेंस-2025 में प्रकृति सोसाइटी उदयपुर के ओर से प्रकृति अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो. नैथानी को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति के प्रति जागरूकता पर अवार्ड दिया गया है। इस अवसर पर सोसाइटी के संरक्षक एवं मोहन लाल सुखारिया विश्विद्यालय उदयपुर राजस्थान भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पीआर व्यास, जेएनयू विवि के साधना कोठारी, प्रो. पीसी त्रिवेदी सहित आदि मौजूद थे।

# ग्रीन-एजी परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जलागम प्रबंधन निद. ेशालय के सचिव दिलीप जावलकर ने शुक्रवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल के दुग्गड्डा ब्लॉक के जमरगड्डी गांव में ग्रीन-एजी परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के साथ साथ ग्रामीणों के साथ बैठक की। यह परियोजना ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी द्वारा वित्तपोषित एवं फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इस दौरान सचिव द्वारा परियोजना के तहत किसानों एवं समुदायों के सहयोग से की जा रही गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीण समुदायों से संवाद किया। मौके पर सचिव जलागम तथा ग्रीन एजी स्टाफ द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि यह परियोजना जलागम की अवधारणा से अलग लैंडस्कैप एप्रोच पर आधारित है। परियोजना के अंतर्गत कृषि को वैश्विक पर्यावराणीय उद्देश्य के साथ समेकित किया जाता है। परियोजना के अति वरीयता में चयनित 82 ग्रामों में मानव वन्य जीव संघर्ष, लेंटाना उन्मूलन, चौन लिंक घेर बाड़, स्थानीय प्रजातियों के बीजों, नस्लों तथा फार्मर फील्ड स्कूल के माध्यम से कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि लैंडस्लाइड से कई घरों को इस वर्ष की वर्षा आपदा से क्षति हुई है। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गेंदा स्वयं सहायता समूह को हल्दी, अदरक के क्लस्टर आधार पर सब्सिडी एवं सीसीएल लिमिट के प्रावधानों के बारे में अवगत कराते हुए कहा गया कि दुगड्डा ब्लॉक में इस परियोजना से अब तक कई किसान लाभान्वित हो चुके हैं, जिनके खेतों में संरचनात्मक सुधार, जल संरक्षण के उपाय और नई तकनीकों के उपयोग से उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, संयुक्त निदेशक जलागम डॉ. ए.के. डिमरी, उप वन संरक्षक तरुण एस., उप निदेशक जलागम डॉ. डी. एस. रावत मौजूद रहे ।

# पूर्व सैनिकों का त्याग व अनुशासन हमारे लिए प्रेरणा: राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को जसवंत सिंह ग्राउंड, गढ़ी कैंट में आयोजित ''देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली'' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सीडीएस जनरल अनिल चौहान सहित हजारों की संख्या में पूर्व सैनिक एवं वीर नारियाँ उपस्थित रहीं।



■ देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली आयोजित, सैनिक कल्याण मंत्री जोशी व सीडीएस जनरल अनिल चौहान रहे मौजूद

उत्तराखण्ड सब एरिया द्वारा आयोजित इस रैली के दौरान राज्यपाल व अन्य अतिथियों ने वार वूण्डेड संस्था की ओर से 14 दिव्यांग पूर्व सैनिकों को स्कूटर वितरित किए। साथ ही 20 वीर नारियों तथा उत्कृष्ट कार्य कर रहे भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। वहीं सैनिक कल्याण विभाग द्वारा उत्तराखण्ड सब एरिया को गोल्फ कार्ट भी प्रदान किए गए। यह गोल्फ कार्ट पूर्व सैनिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपनल (उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड) के माध्यम से वित्त पोषित की गयी है।

राज्यपाल ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों का एकत्र होना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, अनुशासन और देशप्रेम हमारे समाज के लिए अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जो संस्कार और अनुशासन आप सभी ने अपने जीवन में स्थापित किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम आपके योगदान को सदैव स्मरण रखें और समाज के हर वर्ग को यह प्रेरणा दें कि – 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से ही भारत विश्व गुरु बनेगा।

राज्यपाल ने वीर नारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपनी आर्थिकी को सशक्त करें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुभव, अनुशासन और दृष्टिकोण को समाज के साथ साझा करें, जिससे युवा पीढ़ी को दिशा और प्रेरणा मिले। कहा कि राजभवन में पूर्व सैनिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक शिकायत निवारण अधिकारी की तैनाती की गई है, जो उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्यरत हैं। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार सेवारत और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। रैली में जीओसी-इन-सी सेंट्रल कमांड ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी उत्तर भारत एरिया ले. जनरल डी.जी. मिश्रा, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एम.पी.एस. गिल, वॉर वूंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष ले. जनरल असित मिस्त्री (से नि) व ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (से नि) आदि उपस्थित रहे।

## सीडीएस ने की पूर्व सैनिकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की और कहा कि उत्तराखण्ड, जो ''वीरों की भूमि'' है, ने हर युद्ध और संकट में अपनी वीरता से राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाएं आज तेजी से आधुनिक युद्ध प्रणाली और तकनीक की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम एक शांतिप्रिय राष्ट्र हैं, लेकिन अपनी संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का खतरा बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों की निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सराहना की और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सीडीएस ने कहा कि देहरादून मिलिट्री स्टेशन में इंटीग्रेटेड वेटरन्स वेलनेस एंड सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र पूर्ण रूप से तकनीक आधारित और पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए समर्पित होगा। उन्होंने मुख्यालय उत्तराखण्ड सब एरिया पर इस परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का विश्वास जताया।

# आपदा से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे प्रीतम सिंह



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चकराता विधाायक प्रीतम सिंह ने शनिवार को विधानसभा मसूरी, विकासखंड रायपुर के ग्राम फुलेत, भैंखुली खाला, सिल्ला और बौठा में विगत दिनों आई दैवीय आपदा से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होने आपदा प्रभावित गांवों में आपदा पीड़ित ग्रामीणों से वार्ता कर आपदा से हुए नुकसान तथा राहत व बचाव कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मौके से उपजिलाधिकारी देहरादून से दूरभाष पर वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि प्रभावितों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए।

ग्राम सिल्ला में आपदा पीड़ित परिवारों को अनाज व अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई। ग्राम फुलेत, भैंखुली खाला में आपदा पीड़ित परिवारों को राहत राशि चैक के माध्यम से उपलब्ध कराई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गोदावरी थापली, जिला पंचायत सदस्य चंद्रोटी गोविंद सिंह पुंडीर, उपेंद्र थापली व अन्य रहे मौजूद।

# कांग्रेस व बेरोजगार युवाओं के दबाव में रद्द हुई परीक्षा: दसौनी

■ सरकार ने हथियार डाल दिए हैं, पांच विधायक तो मात्र मुखौटा थे: कांग्रेस



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा है कि 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा को निरस्त करने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का निर्णय, दरअसल कांग्रेस पार्टी और प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम है।

गरिमा ने कहा कि जिस सरकार ने बेरोजगार युवाओं को सड़क पर लाठियाँ खाने पर मजबूर किया, आज वही सरकार बैकफुट पर आ गई है। मुख्यमंत्री की आज की घोषणा इस बात का प्रमाण है कि धामी सरकार की तथाकथित पारदर्शिता का मुखौटा अब उतर चुका है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट मांग रखी थी कि, सीबीआई जांच, केवल नाममात्र की न हो, बल्कि हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में हो। स्नातक स्तरीय परीक्षा तत्काल निरस्त कर नई तिथि घोषित की जाए। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश मर्तोलिया को तत्काल बर्खास्त किया जाए ताकि वह जांच को प्रभावित न कर सकें। दसौनी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री का फैसला हमारी उन्हीं मांगों की पुष्टि करता है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की जिन पाँच विधायकों के साथ दिखावटी बैठक कराई गई, वह केवल एक राजनीतिक नाटक था। सरकार यह दिखाना चाहती थी कि यह निर्णय सरकार की संवेदनशीलता से लिया गया है, जबकि सच्चाई यह है कि यह निर्णय विपक्ष और युवाओं के प्रचंड जनदबाव की देन है। गरिमा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में मुख्यमंत्री का पेपर लीक को नकल जिहाद कहना भी बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा। दसौनी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री वास्तव में ईमानदार हैं, तो उन्हें अब यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दोषियों पर कार्रवाई हो, सीबीआई जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# छात्रहित में लिया गया परीक्षा निरस्तीकरण का निर्णय स्वागत योग्य: खजान दास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक खजान दास ने छात्रहित में लिए गए परीक्षा निरस्ती के निर्णय पर संतुष्टि जताई है। उन्होंने दोबारा परीक्षा की इस साहसिक पहल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा, विगत 4 वर्षों में रिकॉर्ड 25 हजार से अधिक सरक. ारी नियुक्तियां हुई, लेकिन एक पर भी उंगली नहीं उठी। ऐसे में जब स्नातक परीक्षा में नकल की एक घटना सामने आई तो तत्काल एसआईटी और फिर सीबीआई जांच की घोषणा की गई। अब परीक्षा निरस्त करने के निर्णय से हमारी सरकार की मंशा पुन: स्पष्ट हुई है कि युवाओं के भविष्य से जुड़ी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, ईमानदार, व्यवस्थित होने के साथ शंकाविहीन हो।

इसीलिए नियुक्ति प्रक्रिया और इसमें सफल युवाओं की योग्यता को लेकर कोई भी उंगली न उठे, परीक्षा निरस्त की गई हैं। हमारी सरकार ने राज्य निर्माण से अब तक की सर्वाधिक नौकरियां दी और अब सीबीआई जांच एवं परीक्षा रद्द की घोषणा, सब कुछ युवाओं की बेहतरी के लिए किया है।

## एक नजर .......

### 'भविष्य के विधि छात्र' पर व्याख्यान आयोजित



**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भविष्य के विधि छात्र विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन दून पुस्तकालय में अधिवक्ता ऋतु गुजराल की और से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. (अधि.) आदिश सी. अग्रवाल उपस्थित रहे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में विधि छात्रों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त न करें बल्कि न्यायिक क्षेत्र की व्यावहारिक चुनौतियों के प्रति भी सजग रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने की। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश गुप्ता, डॉ. मधुरी बर्थवाल, पद्मश्री सम्मानित शास्त्रीय एवं लोक संगीत विशेषज्ञ, आर.एस. राघव, रणवीर सिंह चौहान, अधिवक्ता मनमोहन कंडवाल, राजबीर सिंह बिष्ट, अधिवक्ता अनुज शर्मा व डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल आदि सम्मिलित रहे। माया देवी विश्वविद्यालय की ओर से विधिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर डॉ. तृप्ति, जुयाल सेमवाल, डॉ. शालिनी बहुगुणा, अधिवक्ता शराफत को विधि सम्मान 2025 व प्रिया गुलाटी को मार्गदर्शक श्री सम्मान 2025, अधिवक्ता सुनील सिंह राघव, अधिवक्ता मीना पंत तथा अधिवक्ता मनमोहन शर्मा को संविधान प्रहरी सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर डीएवी महाविद्यालय, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, यूपीईएस, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विधि महाविद्यालय, जगन्नाथ विश्वविद्यालय, माया देवी विश्वविद्यालय, उड़ान अकादमी, विजडम अकादमी, के-टू अकादमी, शिखर अकादमी तथा उत्कृष्ट अकादमी सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के विधि छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### करवाचौथ नारी की श्रद्धा का पर्व : रेखा



**देहरादून( शाह टाइम्स )।** संस्कृति, परंपरा और अखंड सौभाग्य का प्रतीक पर्व करवाचौथ के अवसर पर प्रदेश की महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विधि-विधान से करवा चौथ का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक रूप से व्रत रखकर भगवान से पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि करवाचौथ भारतीय नारी की अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का पर्व है। यह हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति की आस्था और परिवार के प्रति उसके त्याग का प्रतीक है। ऐसे पर्व हमारे सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने समस्त मातृशक्ति और बहनों को करवाचौथ की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और अखंड सौभाग्य बनाए रखें।

### सांसद डॉ. नरेश ने सपरिवार मनाया करवा चौथ का पर्व



**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने देहरादून स्थित आवास पर सपरिवार करवा चौथ का पर्व मनाया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल ने कहा कि करवाचौथ भारतीय नारी की अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का पर्व है। यह हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति की आस्था और परिवार के प्रति उसके त्याग का प्रतीक है। ऐसे पर्व हमारे सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

### महाराज ने की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात



**देहरादून/दिल्ली।** प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय सड़क व परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनसे भारत नेपाल सीमा पर सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों और बनबसा स्थित नदी पर निर्माणाधीन पुल और Dry port को लेकर चर्चा की।

# महंत अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल देहरादून के सौजन्य से श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल गैरसैंण में शनिवार को कैंसर जागरूकता व नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 3002 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परामर्श दिया तथा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं।

शनिवार को शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोहन सिंह रांगण, उप जिलाधिकारी चमोली, पृथवी सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि, पान सिंह नेगी, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष, दान सिंह नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, दुर्गा रावत ब्लॉक प्रमुख, मोहन भण्डारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, राम चन्द्र गौड, राज्यमंत्री, महावीर रावत, जिलाध्यक्ष भारतीय युवा मोर्चा, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट व्यापार संघ अध्यक्ष, पंकज गेडी, त्रिलोक सिंह नेगी हिमांशू शाह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में सोहन सिंह रांगण ने कहा कि श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, देहरादून न केवल शहरों में बल्कि सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवा की अलख जगा रहा है।

उन्होंने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के चेयरमैन श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज को बधाई दी।शिविर में कैंसर सर्जरी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजीत तिवारी ने कैंसर के लक्षण, रोकथाम और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर का समय रहते पता चलना ही इसका सबसे बड़ा इलाज है और नियमित जांच से इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है।

# दून के 'सपनों के योद्धा' ड्रीमर्स ने रचा कीर्तिमान

■ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी प्रवेश में 710 से अधिक चयन, देश का सर्वोच्च परिणाम देकर बढ़ाया गौरव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून मे दून डिफेंस ड्रीमर्स एक बार फिर देश के भावी सैन्य अधिकारियों को तैयार करने का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरी है। दून डिफेंस ड्रीमर्स नामक संस्था ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी/नौसेना अकादमी (द्वितीय) 2025 की लिखित परीक्षा में 710 से अधिक छात्रों के चुनाव के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि ी हासिल की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए संस्थान के डायरेक्टर हरिओम चौधरी ने बताया कि स्थापना (2014) के बाद से किसी भी रक्षा प्रशिक्षण केंद्र द्वारा एक एकल-सत्र में दिया गया अब तक का सबसे बड़ा परिणाम है। दून डिफेंस ड्रीमर्स ने अपनी पिछली अधिकतम चयन संख्या (535) को ध्वस्त करते हुए, देश भर के आकांक्षी युवाओं के बीच अपने अनुशासित प्रशिक्षण विधान पर विश्वास की मुहर लगा दी है। चौधरी ने इस शानदार नतीजे का श्रेय संस्थान के प्रमाणित व सुव्यवस्थित चार-स्तंभ सिद्धांत को दिया।

### ड्रीमर्स के चार सफलता सूत्र

अनुशासित तैयारी, दैनिक, सैन्य-शैली की समय-तालिका, जो ज्ञान के साथ नेतृत्व क्षमता का निर्माण करती है, साप्ताहिक अभ्यास परीक्षण नियमित मूल्यांकन और गहन विश्लेषण, जिससे परीक्षा की सटीकता सुनिश्चित होती है। पहले दिन से एसएसबी प्रशिक्षण अधिकारी-समान गुणों पर केंद्रित प्रशिक्षण, जो उन्हें अंतिम चुनाव के लिए तैयार करता है।अनुभवी सैन्य विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत मार्गदर्शन और परामर्श। डीडीडी की यह सफलता केवल लिखित परीक्षा तक सीमित नहीं है। संस्थान ने सेवा चयन बोर्ड की कठिन प्रक्रिया में भी नारी सशक्तिकरण का एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है। महिला प्रशिक्षार्थी, इसमें 6 महिला प्रशिक्षार्थी शामिल है।

# गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने के निर्देश

**पौड़ी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने जिलाधिकारी पौड़ी और वन विभाग के अधिकारियों से बात कर एकेश्वर व पोखड़ा ब्लॉक के गुलदार प्रभावित गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पर्याप्त संख्या में तत्काल पिंजरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने शनिवार को जिलाधिकारी पौड़ी और वन विभाग के अधिकारियों से बात कर पोखड़ा विकासखण्ड के डयूला, देवकुंडई एवं आसपास के इलाकों और ऐकेश्वर ब्लॉक के गांवों में गुलदार को पकड़ने के लिए प्रभावित गांव में पर्याप्त संख्या में तत्काल पिंजरे लगाने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय विधायक महाराज का कहना है कि वन विभाग स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है और गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए वन विभाग के कार्मिकों को ट्रेंकुलाइजर गन दी गई हैं, गश्त बढ़ा दी गई है और गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे भी लगाये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

### कला महोत्सव का आगाज़

**देहरादून।** एरोग्य वेलबीइंग ट्रस्ट की पहल द लिटरेरी टेबल की और से आयोजित साहित्य और कला महोत्सव का उद्घाटन शनिवार को किया गया। उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्ज्वलन अभिनेत्री मुनमुन सेन, लेखक अद्विता काला, लेखिका रूपा सोनी, प्रीति ओबेरॉय और प्रबंधक संजीव बाटला सहित फेस्टिवल डायरेक्टर डॉ अलोका नियोगी की उपस्थिति में हुआ।

# 'मिली कौर' ने गोसेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

## निर्धन बच्चों को शिक्षा और उनका पालन भी करती है कृष्णा धाम

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून की धरती ने अनेक प्रेरणादायी व्यक्तित्व दिए हैं, लेकिन मिलीकौर का नाम उनमें सबसे अलग है। महज 12 वर्ष की आयु में शुरू हुई उनकी सेवा यात्रा आज एक विशाल जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। जिन्होंने बचपन में सड़कों पर घायल और असहाय पशुओं को देखकर मन में करुणा का दीप जलाया, वही दीप आज कृष्णा धाम गौशाला के रूप में हजारों बेजुबानों का सहारा बन गया है।




पटेल नगर के शेरपुर मस्जिद के समीप मिलीकौर के नेतृत्व में संचा. लित कृष्णा धाम गौशाला में 1200 से अधिक गौवंश को सुरक्षित और स्नेहपूर्ण आश्रय मिला हुआ है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों घायल, बीमार और लावारिस पशुओं का नि:शुल्क उपचार, भोजन और देखभाल की जाती है। इस सेवा कार्य के लिए देशभर से लोग अपनी गौमाता और अन्य पशुओं को उपचार के लिये यहां लेकर आते हैं।

केवल गौवंश ही नहीं, बल्कि इस गौशाला में कुत्ते, गधे, बछड़े, बैल, बकरियाँ, ऊट और पक्षियों जैसे अन्य बेजुबानों की भी पूरी देखभाल की जाती है। यह स्थान अब केवल एक गौशाला नहीं, बल्कि एक जीवंत पशु अस्पताल और सेवा केंद्र बन चुका है।

आज मिलीकौर के नेतृत्व में संस्था ने 100 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। डॉक्टरों, पशु सहायकों और सेवाभावी कार्यकर्ताओं की टीम दिन-रात इन बेजुबानों की सेवा में जुटी रहती है। संस्था केवल पशु सेवा तक सीमित नहीं है आपदा राहत, भूखों को भोजन, और निर्धन बच्चों की शिक्षा व चिकित्सा सहायता जैसे कई मानवीय कार्यों में भी अग्रणी है। उत्तरकाशी की भयंकर बाढ़ के समय संस्था ने लगभग 300 परिवारों को राहत सामग्री और भोजन उपलब्ध कराया। इसके अलावा अब तक 20 से अधिक बच्चों की पढ़ाई, फीस और इलाज की जिम्मेदारी संस्था ने संभाली है। शाह टाइम संवाददाता को एक विशेष भेंटवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए मिली कौर ने बताया कि कि गौसेवा ही राष्ट्रसेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। वे बताती हैं कि उत्तराखंड सरकार के सहयोग से संस्था को नई दिशा मिली है। सरकार द्वारा भरण-पोषण से लेकर मेडिकल सुविधाओं तक लगातार सहायता दी जा रही है। मिली कौर कहती हैं, "राज्य सरकार ने हमें यह विश्वास दिलाया है कि जब संकल्प सच्चा हो, तो सहयोग अपने आप मिलता है।"

संस्था अब अपने कार्यक्षेत्र को और विस्तारित कर रही है। भविष्य में कृष्णा धाम गौशाला का लक्ष्य है कि राज्य के हर जिले में एक सेवा केंद्र खोला जाए, ताकि कोई भी घायल या असहाय पशु बिना उपचार के न रहे। मिली कौर के इस अथक प्रयास को समाज के हर वर्ग से सराहना मिल रही है।

## गोशाला में प्रत्येक पशुओं को 24 घंटे मिलती है चिकित्सा सुविधा

**देहरादून।** कृष्ण धाम गौशाला की संस्थापक मिली ने बताया कि उन्होंने उक्त गौशाला वर्ष 2019 मार्च माह में शुरू की थी उन्होंने बताया कि उनकी गौशाला में आने वाले सभी पशुओं को तथा अन्य प्रकार के पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि उनकी गौशाला में करीब 5 लख रुपए की दवाइयां 24 घंटे उपलब्ध रहती है ताकि अगर किसी गे या अन्य पशुओं को किसी प्रकार की कोई दवाई उपलब्ध कराई जाए तो वह तत्काल उपरोक्त कराई जा सकती है इसके लिए उन्होंने अपनी गौशाला में एक स्टोर भी स्थापित कर रखा है। उन्होंने बताया कि उनके गौशाला में चार एंबुलेंस भी मौजूद है जिसमें दो जनरल और दो हाइड्रोजन 24 घंटे उपलब्ध है उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग तथा पशु कल्याण बोर्ड की निगरानी में गौशाला रहती है और उनकी गौशाला में कितने पशु और कितनी गए हैं उसका जो रिकॉर्ड प्रतिदिन पशुपालन विभाग को उपलब्ध कराया जाता है और उनकी गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे भी पशुपालन विभाग से जुड़े हुए हैं उन्होंने बताया कि आगे भी वह गौशाला को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

# पथरी क्षेत्र के पदार्थ गांव में प्रशासन ने कराया चकरोड कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को हरिद्वार तहसील प्रशासन व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पथरी क्षेत्र के ग्राम पदार्था में चकरोड को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पदार्था में स्थित एच एम हॉस्पिटल के संचालकों ने कोरोना काल के दौरान अस्पताल के सामने चक रोड पर कब्जा कर लिया था। यह रास्ता अन्य खेतों की ओर जाने वाला सार्वजनिक मार्ग था, जिस पर कब्जा होने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें होने लगीं। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी, जिसके बाद प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण हटाकर चक रोड को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराया गया।

इस मौके पर एसडीएम हरिद्वार जितेंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए चकरोड को कब्जा मुक्त कराया गया है। किसी को भी सार्वजनिक मार्ग या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। भविष्य में ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई



के दौरान राजस्व विभाग टीम एसडीम हरिद्वार जितेंद्र कुमार, तहसीलदार सचिन कुमार, नायाब तहसीलदार अनिल कुमार, कानूनगो अजय कपिल, पटवारी आशीष कुमार व पथरी थाना पुलिस मौजूद रही।

# ज्वालापुर में आवारा पशुओं का आतंक

**सड़कों पर वाहन चालकों को भारी दिक्कत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उपनगरी ज्वालापुर के मुख्य सड़कों और बाजारों में आवारा पशुओं की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जटवाड़ा पुल चौक, बाजार कटहरा, गुरुद्वारा रोड, पीठ बाजार आदि क्षेत्रों में आवारा पशुओं की चहलकदमी आम बात हो गई है। इससे न केवल वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुकानदारों और फल-ठेली, सब्जी विक्रेताओं को भी परेशानी हो रही है।

आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बच्चे, बुजुर्ग और आम नागरिक इन पशुओं से डरते रहते हैं। कई बार पशुओं के आपस में भिड़ जाने से स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम को इस समस्या



का समाधान निकालने के लिए अभियान चलाना चाहिए और आवारा पशुओं को चिन्हित कर नियत स्थान पर छोड़ देना चाहिए।

स्थानीय लोग आवारा पशुओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए कांजी हाउस की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या की ओर ध्यान दें और इसका समाधान निकालें। सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने से लोगों को भारी असुविधा हो रही है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

आवारा पशुओं द्वारा सड़कों पर गंदगी करना भी एक बड़ी समस्या है। इससे न केवल सड़कों की साफ-सफाई बाधित होती है, बल्कि लोगों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर निगम को इस समस्या का समाधान निकालने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक गुलाम साबिर व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी ने मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ के निवास पर पहुंच कर फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड ने सभी कार्यकर्ताओं से 2027 मे होने वाले चुनाव में जुट जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा उत्तराखंड में हैट्रिक लगाने जा रही है। जिला संयोजक गुलाम साबिर व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी ने बधाई देते हुए कहां है कि अनीश गौड को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से अल्पसंख्यकों के हित में काम होगा। राज्य सरकार से मिलने वाली योजना का लाभ निश्चित रूप से अल्पसंख्यक समाज को प्राप्त होगा।

## गुरुकुल कांगड़ी विवि और आईआईटी रुड़की के

# छात्रों ने चलाया गंगा सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रोटरी क्लब कनखल एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों ने आईआईटी रुड़की के छात्रों के साथ कनखल में दरिद्र भंजन घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने गंगा घाट पर पुराने और मैले कपड़े, अवशिष्ट पदार्थ, पॉलीथीन आदि साफ कर गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। गंगा स्वच्छता अभियान में भाग ले रहे छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुए रोटरी क्लब कनखल के अध्यक्ष हरपाल सिंह एवं सचिव राजीव अरोड़ा ने कहा कि संकल्प के साथ प्रयास करने से ही गंगा स्वच्छ हो सकती है। गंगा को निर्मल बहाने दें और अवशिष्ट पदार्थ व गंदगी गंगा में ना डालें। प्रोजेक्ट चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता डा. विशाल गर्ग ने कहा कि गंगा हमारी संस्कृति की पहचान है। लाखों करोड़ों लोगों की भावनाएं मां गंगा से जुड़ी हुई हैं। सभी की सहभागिता से ही गंगा को स्वच्छ, निर्मल, अविरल बनाया जा सकता है। गंगा बंदी का लाभ उठाएं और गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। राज्य एवं केंद्र सरकार भी गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए जन चेतना जरूरी है। छात्रों द्वारा चलाए गए गंगा स्वच्छता अभियान से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। कहा कि संकल्प लेकर गंगा को प्रदूषण मुक्त करने में अपनी भागीदारी



अवश्य निभाएं। इस अवसर पर शीलू भाटिया, प्रवीण चावला, अनुभव गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, मनोज सुबुद्धि, विवेक गर्ग, मयंक पोखरियाल, परी अरोड़ा, जश्न अरोड़ा, अनूपा सुबुद्धि, हरविंदर सिंह भाटिया शामिल रहे।

# एसएमजेएन कालेज ने अंतरमहाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया स्टेडियम में आयोजित अंतरमहाविद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता के अंतर्गत एसएमजेएन कालेज द्वारा पुरूष एवं महिला कुश्ती का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि भारत सरकार की नई खेल नीति 2025 में ,अब आवश्यकता इस बात की है की खो-खो, कबड्डी और कुश्ती जैसे भारतीय खेलो की परंपरा को आगे बढ़ाया जाए। इससे न केवल भारतीयता से हमारा जुड़ाव होगा, बल्कि भारतीय खेलों को एक नई ऊंचाई देने में भी हम सक्षम होंगे। उन्होंने कुश्ती प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय की खेलकूद समिति के अध्यक्ष विनय थपलियाल, डा.शिवकुमार चौहान एवं डा.मनोज सोही, डा.रिंकल गोयल की सराहना की। विशिष्ट अतिथि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डा.पुष्कर गौड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने नॉर्थ जोन में प्रतिभाग के लिए चयनित होने वाले खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डा.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि कुश्ती भारतीय खेलों में सबसे प्राचीनतम खेल है और पूर्व समय में भी सैनिकों के शारीरिक सौष्ठव के लिए सरकारों द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जाती थी। उन्होंने कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एसएमजेएन कालेज को चयन करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एन.के. जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी महाविद्यालय खेलों के आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि ग्रीक रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती में महाविद्यालय निरंतर प्रतिभाओं को तराश रहा है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य खेलकूद अधीक्षक विनय थपलियाल ने किया।

प्रतियोगिता में छः टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनमें एसएमजेएन कालेज, सरस्वती गोचर स्नातकोत्तर महाविद्यालय भगवानपुर, जसपाल राणा ईंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्रेमनगर देहरादून, एसएमआरजे पीजी कॉलेज सहिया देहरादून और राजा महेंद्र प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुरुकुल नारसन की टीम शामिल हैं।

छात्रा वर्ग मे एसएमजेएन कालेज की कशिश ठाकुर, शिवांगी कंसल और छात्र वर्ग में मुंतजिर व कनिष्क नाथ ने स्वर्ण पदक तथा देव निगम, दीक्षा यादव, ओमिशा, शिखा, ने रजत पदक प्राप्त किया।

छात्रा वर्ग में 57 किलोग्राम भार वर्ग में जानवी, आरएमपीजी महाविद्यालय, 59 किलोग्राम वर्ग में अनु आरएमपीजी महाविद्यालय ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम वर्ग में आदित्य तोमर एसएमआरजे पीजी कॉलेज सैया, 61 किलोग्राम वर्ग में हर्षित तोमर एसएमआरजे पीजी कॉलेज सैया, 65 किलोग्राम वर्ग में वसील सरस्वती गोचर भगवानपुर, 67 किलोग्राम वर्ग में सचिन कुमार एसएमआरजे पीजी कॉलेज सैया, 70 किलोग्राम वर्ग में सागर एसएमआरजे पीजी कॉलेज सैया, 72 किलोग्राम वर्ग में विशु तोमर एसएमआरजेपीजी कॉलेज, 74 किलोग्राम वर्ग में प्रियम एसएमआरजे पीजी कॉलेज, 77 किलोग्राम वर्ग में मुकुल सरस्वती गोचर महाविद्यालय भगवानपुर, 82 किलोग्राम वर्ग में हेमंत सरस्वती गोचर भगवानपुर और 87 किलोग्राम वर्ग में वासु एसएमआरजी पीजी कॉलेज सैया, 92 किलोग्राम वर्ग में कृष सरस्वती गोचर महाविद्यालय भगवानपुर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कोच मोहित नौटियाल एवं अक्षय राठी ने ऑफिशियल की भूमिका का निर्वहन किया। दोनों ऑफिशल्स को प्राचार्य प्रोफेसर बत्रा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पंजीकरण के कार्य हेतु मंच ने प्रोफेसर जे सी आर्य, डा.विनीता चौहान और दिव्यांश शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सरदार महिपाल सिंह, राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज सैया के डायरेक्टर अनिल तोमर एवं सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले छात्राओं में चारु, संध्या, सोनाली, मयूरी टिया, शामिल थे। जबकि मेहताब आलम ने जग घुमिया गीत की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। संगीत विभाग से डा.अमिता मल्होत्रा, प्रशिक्षु गौरव बंसल और छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय के कुल गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मंच से अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.माहेश्वरी ने सीएमओ हरिद्वार डा.आरके सिंह का एंबुलेंस आदि सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग से सपना एवं योगेश भी उपस्थित रहे

# भक्तों के कष्ट पल भर में हर लेते हैं भगवान शनिदेव : महंत कौशलपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी ने कहा कि शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। उनकी पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति पर कभी संकट नहीं आता है। भगवान शनिदेव अपने भक्तों के सभी कष्ट पल भर में हर लेते हैं। शनिवार को मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। प्रथम बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार की रात में काले चने पानी में भिगों दें। शनिवार को भीगे चनों का प्रसाद करें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और साढ़ेसाती का प्रभाव कम होता है। इसके अलावा अमावस्या की रात में 8 बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव पलभर में गरीब को अमीर बना देते हैं और करोड़पति को खाकपति बना देते हैं। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें। ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं। इस अवसर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि, महंत महेश पुरी, स्वामी विपनानन्द, महंत गोविन्द दास, स्वामी नागेंद्र महाराज, महंत राघवेंन्द्र दास आदि ने भी भक्तों को संबोधित किया।



# कस्सावाल में नेत्र रोग जांच शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हंस हॉस्पिटल ने वार्ड नंबर 40 मोहल्ला कस्सावान में निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन पार्षद जहांआरा कुरैशी और पूर्व राज्य मंत्री हाजी नईम कुरैशी के सहयोग से उनके आवास पर किया गया था। शिविर में डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई और उन्हें चश्मा और दवाइयां भी वितरित की गईं। 50 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रैफर किया गया। हंस हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक डा.मोहित चौहान ने रोगियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कीं। अस्पताल की ओर से निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन के साथ-साथ घर से लाने-ले जाने की सुविधा भी प्रदान की गई है। पूर्व राज्य मंत्री हाजी नईम कुरैशी ने हंस हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर निश्चित रूप से रोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। यह सच्ची सेवा का बेहतर उदाहरण है।



पार्षद जहांआरा कुरैशी ने कहा कि आगे भी इस तरह के चिकित्सा शिविर वार्ड में लगाए जाएंगे और निरंतर समाज सेवा जारी रहेगी। इस दौरान आरिफ कुरैशी, सुभान कुरैशी, नदीम कुरैशी, उमर फारुकी, सलीम कुरैशी, आयान कुरैशी, पीरू कुरैशी आदि मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लाभ उठाया।

# गंदगी से परेशान हीरा कंपलेक्स के व्यापारी

**पानी के नल के पास लगा कूड़े का अंबार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चंद्राचार्य चौक क्षेत्र स्थित हीरा कंपलेक्स में पानी के नल के पास गंदगी के अंबार लगने से व्यापारी और स्थानीय लोग परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि नल का पानी पीने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन कूड़ा न उठने के कारण नल के आसपास गंदगी एकत्र हो गई है, जिससे बदबू फैल रही है।

त्योहारों का सीजन होने के कारण क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। गंदगी देखकर ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है



कि प्रतिदिन कूड़ा उठाया जाना चाहिए ताकि गंदगी न फैले।

व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि समस्या का समाधान करे और नियमित रूप से कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। व्यापारियों का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# डोर बेल बजाए जाने से गुस्साए बुजुर्ग ने फोड़ा बच्चे का सिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बच्चों के डोर बेल बजाए जाने से गुस्साए एक बुजुर्ग ने 10 साल के बच्चे के सिर पर ईंट मार दी। जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया है। बुजुर्ग की करतूत सीसीटीवी में भी कैद हुई है। घटना ज्वालापुर कोतवाली इलाके की पोश कॉलोनी नंदपुरी की है। जहां खेल रहे कुछ बच्चों ने एक शख्स के घर की डोर बेल बजा दी और भाग गए। इसके बाद 70 वर्षीय रोशन मल्होत्रा नाम का शख्स बच्चों के पीछे डंडा लेकर दौड़ा और एक घर के बाहर डोर बेल बजाई। जैसे ही बच्चा अंदर से गेट खोलने आया तो बुजुर्ग ने बाहर से ईंट अंदर फेंक दी जो सीधी बच्चे के सिर पर जा लगी। सिर में ईंट लगने से बच्चा लहू



लुहान हो गया। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल बच्चे के परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# श्यामपुर पुलिस ने चाकू के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना श्यामपुर पुलिस ने चाकू समेत एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर जिले में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना श्यामपुर पुलिस टीम ने सेल टैक्स ऑफिस श्यामपुर के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध लगने पर एक व्यक्ति की रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम रियाल पुत्र शमशाद निवासी कस्बा छुटमलपुर मुस्लिम कालोनी जिला सहारनपुर उ.प्र.बताया। चाकू बरामद होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में हेडकांस्टेबल बृजमोहन सिंह व कांस्टेबल सदीप सिह पुण्डीर शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज में

# विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पथरी, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार नरेंद्र दत्त के आदेशानुसार एवं आदरणीय सचिव/ सिविल जज (सीनियर डिवीजन) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार, श्रीमती सिमरनजीत कौर के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज ग्राम बहादुरपुर जट हरिद्वार में एक विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रमन कुमार सैनी एडवोकेट (डिप्टी एल. ए. डी .सी) के द्वारा पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के कार्यों के बारे में व नालसा हेल्प लाइन नवंबर 15100,चाइल्ड हेल्प लाइन नवंबर 1098, पुलिस हेल्प लाइन नवंबर 112 जानकार प्रदान कराई गई। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बालिका हमारे देश का गौरव है। और उन्हें संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है। हमारी सरकार के द्वारा भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं के लिए अनेक योजना चलाई जा रही है। जिनकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बालिकाओं के प्रति सजग है और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी समय-समय पर सेमिनार और शिविर के माध्यम से देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट्ट बालिकाओं के लिए अनिवार्य शिक्षा पर जोर देता है। और ऐसा प्रयास करता है कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह



चौहान, विकास यादव,सचिन आर्य और अध्यापिका अनुपम चौहान,रजनी सैनी, अनीता देवी, एडवोकेट प्रशिक्षु राशी, आकांशा, खुशी सहित सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# शिव आराधना से होती है करोड़ों गुणा पुण्य फल की प्राप्ति : भास्करानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित अखण्ड दयाधाम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना कभी निष्फल नहीं जाती है। सच्चे मन और पूर्ण श्रद्धा विश्वास के साथ भगवान शिव की आराधना से करोड़ों गुणा पुण्य फल प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं को शिव पूजन विधि से अवगत कराते हुए स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि भगवान शिव की पूर्ण कृपा प्राप्त करने के लिए सवेरे, दोपहर और और सायंकाल उनकी पूजा करनी चाहिए। सवेरे किए जाने किए जाने वाले शिव पूजन से मन को शांति मिलती है। दोपहर की पूजा से इच्छाओं की पूर्ति होती है। शाम की पूजा से भक्त को शक्ति मिलती है। शिव आराधना से विवाह, कारोबार आदि में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। स्वामी भास्करानंद ने कहा कि महादेव शिव की पूजा करने के दौरान मानसिक व शारीरिक शुद्धि का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आराधना के दौरान शिव लिंग पर विल्व पत्र अर्पित करें और पंचामृत से जलाभिषेक करें। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना करते हुए माता पार्वती का भी ध्यान करें। ऐसा करने से भगवान शिव अत्यन्त प्रसन्न होते हैं। भक्त को शिव और शक्ति दोनों की कृपा प्राप्त होती है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# पीएम मोदी ने 42000 करोड़ से विविध योजनाओं एवं परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**हरिद्वार सब्जी मंडी यूनियन के अधिकारी, कर्मचारियों सहित मंडी आढ़ती यूनियन के पदाधिकारियों ने वर्चुअल रूप से की शिरकत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कृषि विकास एवं किसान कल्याण से संबंधित 42,000 करोड़ से अधिक की विविध योजनाओं एवं परियोजनाओं का शुभारंभ, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में हरिद्वार सब्जी मंडी यूनियन के अधिकारी और कर्मचारियों सहित मंडी आढ़ती यूनियन के पदाधिकारियों ने भी वर्चुअल रूप से शिरकत की।



इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ RARI स्टेट एग्री मार्केटिंग, दुर्गापुरा, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम द्वारा जुड़कर माननीय प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादायी उद्बोधन में 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' में राजस्थान के आठ जिलों को सम्मिलित किए जाने से प्रदेश के कृषक भाइयों को नई तकनीक, संसाधन एवं अवसरों का लाभ मिलेगा, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की समृद्धि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना, जयपुर शहर से सांसद श्रीमती मंजू शर्मा एवं जयपुर ग्रामीण से सांसद राव राजेन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। तो वहीं दूसरी और हरिद्वार मंडी से मंडी सचिव लवकेश गिरी मंडी निरीक्षक शिव मूर्ति सिंह, मंडी निरीक्षक वर्षा गुप्ता, मंडी आढ़ती यूनियन के अध्यक्ष इमरान अलीम मंसूरी सहित मंडी सहायक जितेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# अंकित वालिया पर दर्ज दोनों मुकदमे निकले झूठे, पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के जगजीतपुर निवासी अंकित वालिया पुत्र अनिल वालिया पर दर्ज कराया गया धोखाधड़ी का मुकदमा पुलिस की जांच में झूठा पाया गया है। इस मामले में धोखाधड़ी से जुड़े कोई साक्ष्य ही पुलिस को जांच में नहीं मिले हैं, जिसके बाद पुलिस ने इस मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी है। वहीं इस प्रकरण में अधिवक्ता ने अपने मुवक्किल के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमों को लेकर पक्ष जारी किया और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कनखल निवासी विजय कुमार गर्ग पुत्र प्रदीप कुमार गर्ग ने अंकित वालिया के खिलाफ वर्ष 2023 में कनखल थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की पुलिस ने निष्पक्ष जांच की थी। जांच में आरोप निराधार पाए जाने पर पुलिस ने विजय गर्ग के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत कार्रवाई भी की थी। इस संबंध में उस समय समाचार पत्रों और समाचार पोर्टलों में भी खबरें प्रकाशित हुई थीं। इसी कार्रवाई से बौखलाकर विजय गर्ग ने दोबारा अंकित वालिया उनके पिता, ससुर और साले पर एक और मुकदमा दर्ज कराया था। वर्ष 2025 में पुलिस विवेचना के बाद उस मामले में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी गई। एफआर रिपोर्ट दिखाते हुए बताया कि विवेचना के दौरान विजय गर्ग कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि मुकदमा केवल व्यक्तिगत द्वेषवश कराया गया था।

# पीड़िता की तहरीर पर हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने गाली-गलौज व मारपीट के मामले में शनिवार को एक तहरीर दिया, जिस पर खटीमा कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

झनकट निवासी ताक्षी अधिकारी पुत्री हरीश सिंह द्वारा गाली-गलौज व मारपीट के मामले में टिगरी चकरपुर निवासी मनोज बसेड़ा पुत्र धरम सिंह के विरुद्ध खटीमा कोतवाली में एक तहरीर की दी गई। तहरीर के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता व उसके भाई के साथ गाली गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दिया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली खटीमा में धारा 150(2), 351(2),35(13) बीएनएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

# शरदोत्सव को लेकर सीएम से मिले जनप्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** आगामी नैनबाग शरदोत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से समिति पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से हुई इस भेंट वार्ता का माहौल आत्मीयता और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री धामी को आगामी नैनबाग शरदोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने समिति के निमंत्रण को सौहार्दपूर्वक स्वीकार करते हुए आयोजन के सफल संपादन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शरदोत्सव जैसे पारंपरिक मेले हमारी संस्कृति,



लोक जीवन और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल स्थानीय परंपराओं को संबल मिलता है, बल्कि युवाओं को भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें नैनबाग शरदोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करने की इच्छा जताई।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सुभाष रमोला, क्रीड़ा समारोह के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनबाग नरेश पंवार, युवा भाजपा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सजवान, मंडल महामंत्री सुनील सेमवाल, जिला मंत्री युवा मोर्चा रोशन सजवान, एवं पूर्व प्रधान अनिल सजवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्रामसभा मुंगाड़ में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन निर्माण में लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सरकार जल जीवन मिशन के तहत का एक मामला चकराता विकासखंड की ग्रामसभा मुंगाड़ में सामने आया है, जहां शिकायत के बाद जांच में पाइपला. इन निर्माण कार्य में गंभीर खामियां उजागर हुई हैं।

जानकारी के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व ग्रामसभा मुंगाड़ में जल संस्थान द्वारा लगभग एक करोड़ तीस लाख रुपये की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने, टैंक व चौंबर निर्माण तथा पुराने टैंकों की मरम्मत के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। ठेकेदार को कार्य आवंटित होने के बाद काम शुरू किया गया, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब रही।

ग्रामीण भगत सिंह, कुंदन सिंह, अतर सिंह, प्रीतम, चमन सिंह, पूर्व प्रधान केशर सिंह चौहान, फतेह सिंह व हरी सिंह आदि ने बताया कि पूरे छह किलोमीटर लंबे क्षेत्र में लगभग 319 पाइप लगाए जाने थे, लेकिन मौके पर मात्र 23 नए पाइप ही मिले। ये पाइप भी घटिया गुणवत्ता के थे और पाइपलाइन को जमीन में दबाने की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। टैंकों की मरम्मत और निर्माण कार्य में भी ठेकेदार द्वारा लीपापोती की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने मामला जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचाया। इसके बाद गुरुवार को अधिशासी अभियंता राजेश निर्वाल और जेई मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान निर्माण कार्य में कई खामियां पाई गईं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों की भी मिलीभगत रही है।

उन्होंने मांग की है कि पाइपलाइन का कार्य मानक के अनुरूप दोबारा कराया जाए और दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता जल संस्थान राजेश निर्वाल ने बताया कि जांच के दौरान कुछ खामियां मिली हैं। ठेकेदार को इन्हें सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार ने निर्धारित समय में कार्य सुधार नहीं किया तो उसका भुगतान रोका जाएगा और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों का विश्वास हमारे लिए जरूरी: सुबोध

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सीबीआई जांच के बाद परीक्षा निरस्तगी की घोषणा से पुन: स्पष्ट कि छात्रों का विश्वास हमारे लिए सबसे जरूरी। उन्होंने छात्रहित में लिए इस साहसिक और ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया है। वहीं शीघ्र परीक्षा दोबारा होने की उम्मीद जताते हुए, भर्ती प्रक्रिया की गति को बरकरार रखने का भरोसा दिलाया।

अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार, मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में लगातार युवाओं को रिकॉर्ड संख्या में सरकारी नियुक्तियां दे रही है।

■ छात्रहित में लिए साहसिक और ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया



शुरुआती समय में ही नकल और परीक्षा लीक की बड़ी गड़बड़ियां सामने आई तो तत्काल सरकार ने कठोर कार्यवाहियां की और सभी आरोपियों को जेल के पीछे पहुंचाया। इस लाइलाज बीमारी को हमेशा के लिए दूर करने के लिए उत्तराखंड ने देश का सबसे कठोरतम नकल निरोधक कानून लागू किया।

जिसका परिणाम रहा कि विगत 4 वर्षों में परीक्षा व्यवस्था में एक भी गड़बड़ी सामने नहीं आई। इस सबके बावजूद भी दुस्साहस दिखाते हुए, हाल में एक नकल की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया, उस पर भी धामी सरकार ने कठोर कार्रवाई की है।

हमने एसआईटी और एक सदस्य न्यायिक जांच आयोग गठित किया, लेकिन जब कुछ छात्रों को शंका बनी रही तो बिना किसी लाग लपेट के मुख्यमंत्री ने सीबीआई जांच की घोषणा की। प्रक्रिया को लेकर, सभी भ्रम दूर करने के उद्देश्य से अब सरकार द्वारा परीक्षा निरस्त की गई है। ये सभी ऐतिहासिक साहसिक और युवा भावना के अनुरूप लिए गए निर्णय बताते हैं कि हमारी सरकार के लिए छात्रों के सुरक्षित भविष्य से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पूरी पारदर्शिता से यह परीक्षा संपादित की जाएंगी। हम हर हालत में युवाओं को सरकारी नौकरियों में भागेदारी देने के प्रयास लगातार जारी रखेंगे।

# पीएम धन-धान्य योजना पर चिंतन शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से पीएम धन धान्य योजना के शुभारंभ के मौके पर शनिवार को जनपद चमोली में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित चिंतन शिविर में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

जिला पंचायत सभागार, गोपेश्वर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट और जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। जिसके बाद यहां प्रसारित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से देश के 100 जनपदों में कृषि विकास के लिए पीएम धन धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही आज देश को 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जा रहा है। कहा कि सरकार का ध्येय कृषि जोत को बढ़ाकर भारत को कृषि उपजों के निर्यातक के रूप में विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। जिसके लिए पूरे में जहां किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहयोग किया गया है।

**एक नजर .......**

## टेबिल टेनिस: महिलाओं के दोनों खिताब बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल के नाम रहे



**विकासनगर।** जे बी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उत्तराखंड तकनीक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित खो-खो एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालयसे एफिलेटेड कॉलेजों की 14 टीमों ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। जिसमें फाइनल मुकाबला जे बी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं जीईपीआईटी पौड़ी के बीच हुआ जिसमें विजेता पौड़ी रही। इसी प्रकार से बालिका वर्ग में जेबीआईटी एवं पौड़ी के बीच एक बार फिर फाइनल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें जे बी आईटी उपविजेता रही। जबकि टेबल टेनिस में में वूमेन का दोनों ही खिताब बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल के नाम रहे, उन्होंने वॉइस में बीबी की बॉडी को हराया जबकि महिला वर्ग में एफ ओ टी देहरादून रनर अप रही। इस कार्यक्रम में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डॉक्टर पी के चौधरी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉक्टर विशांत कुमार स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर रवि शंकर डॉ. संदीप चौधरी, डॉक्टर संजीव गिल, मनोज चौधरी, किशोर भट्ट, प्रिंसिपल फार्मेसी डॉक्टर अरुण मौर्य, पुनीत कुमार, डॉ. नीरज कुमार, सुमित सागवान, लाखन सिंह सहित सभी विभागों के विभागध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान द्वारा किया गया।

## महाविद्यालय डाकपत्थर में प्रवेश तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ाई

**विकासनगर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) केंद्र वीर शहीद केशरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में प्रवेश तिथि बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दी गई है। यह राहत भरी खबर अब उन विद्यार्थियों के लिए है जो किसी कारणवश पूर्व में आवेदन नहीं कर पाए थे। कॉलेज के इग्नू समन्वयक डॉ. विनोद रावत ने बताया कि वर्तमान में 750 छात्र यहाँ अध्ययनरत हैं, जिसमें स्थानीय क्षेत्र के विद्यार्थियों की अधिक संख्या है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि इग्नू केंद्र पर छात्रों को पुस्तकालय, काउंसलिंग, कार्यशालाएं और अन्य अकादमिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रवेश से संबंधित किसी भी तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या के लिए विद्यार्थी या अभिभावक कॉलेज के इग्नू केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

## 13 को सांकरी और 15 अक्टूबर को टीकोची में लगेगा दो दिवसीय शिविर

**उत्तरकाशी :** जिले के दुर्गम क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, उत्तरकाशी दो दिवसीय शिविर आयोजित करने जा रहा है। मंच के अनुसार, 13 अक्टूबर को यूपीसीएल डिविजन बड़कोट के मोरी ब्लॉक के सांकरी बाजार और 15 अक्टूबर को पुरोला उपखंड के टीकोची बाजार में उपभोक्ताओं के लिए यह शिविर लगाए जाएंगे। दोनों दिन शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेंगे। बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट ने बताया कि माननीय उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों पर उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को उनकी बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान तत्काल शिविर में ही कराया जाएगा। बताया गया कि उपभोक्ता को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए विभाग द्वारा जारी बिजली बिल या उसकी फोटो कॉपी और उससे संबंधित अन्य दस्तावेज साथ लाने होंगे। शिकायत सादे कागज में लिखे प्रार्थना पत्र के रूप में दी जा सकती है। मंच का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का निस्तारण नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी है।

# विधायक ने कई लोगों को भाजपा सदस्यता ग्रहण कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के कैंप कार्यालय सुद्धोवाला में, उनके द्वारा हरनौल, दयानगर और धौलास गांव के निवासी करण बहुगुणा, रोहित वर्मा, राहुल बहुगुणा, कमल बहुगुणा, मनोज थापा, राजेश असवाल, सत्यप्रकाश, उमेश कुमार, सौरभ खत्री, सुरेश पुंडीर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई गई।इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सभी नए सदस्यों का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली संगठनात्मक पार्टी है।

कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा संगठन और सशक्त बनेगा। इस दौरान सुखदेव फर्षवाण, शैलेश थापली, बीर सिंह रावत एवं अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न हुई छात्रवृत्ति परीक्षा

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के पांच परीक्षा केंद्रों में शनिवार को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा छठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू अश्वनी रावत ने बताया कि कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को नई दिशा देना एवं छात्रवृत्ति उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा खिर्सू के पांच परीक्षा केंद्रों में हुई।

# लाखामंडल में ग्राम प्रधान की खुली बैठक में हंगामा, हाथापाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता की ग्राम पंचायत लाखामंडल में आयोजित ग्राम प्रधान की खुली बैठक उस समय विवाद का रूप ले बैठी जब दो पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लाखामंडल पुलिस चौकी में तहरीर दर्ज कराई है।सूत्रों के अनुसार, पहले एक पक्ष ने बचना शर्मा और ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसके जवाब में मंगलवार को बचना शर्मा और ओमप्रकाश ने भी पलटवार करते हुए अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को असत्य बताया और दूसरे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रतिवेदन दिया। बचना शर्मा ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि ग्राम सभा बैठक के दौरान कुछ व्यक्तियों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति खुलेआम शराब पिलाने और नशे का अवैध कारोबार करने में लिप्त हैं तथा उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि बैठक के दौरान कुछ महिलाओं ने भी उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की।

इसी तरह, भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश ने भी अपनी रिपोर्ट में संबंधित व्यक्तियों पर गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने के आरा. ेप लगाए हैं। उन्होंने भी आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति शराब और नशे के अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी उन्हीं व्यक्तियों की होगी।

इस मामले पर चकराता कोतवाली अध्यक्ष शेखर नौटियाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फील्ड्स टू फ्रयूचरिस्टिक सिटी थीम पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी थीम "फील्ड्स टू फ्यूचरिस्टिक सिटी" रहा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सीएसआईआर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, देहराद. ून के एडवांस्ड क्रूड ऑयल रिसर्च सेंटर के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं एरिया लीडर डॉ. राज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

डॉ. राज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को हरित रसायन, पर्यावरण अनुक. ूल ईंधन के विषय में प्रेरक जानकारी दी और छात्रों को अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से भविष्य के




स्मार्ट शहरों की झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा बायोगैस प्लांट, सोलर कुकर, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम (बूँद-बूँद सिंचाई प्रणाली) का आकर्षक मॉडल तैयार किया। लाइव एक्सपेरिमेंट कॉर्नर में छात्रों ने सोलर मोबाइल चार्जर, प्लास्टोस्कोप, दूध और हल्दी में

■ छात्रों को हरित रसायन, पर्यावरण अनुकूल ईंधन की दी गई जानकारी

मिलावट की पहचान, तथा प्राकृतिक मच्छर रोधी उत्पादों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन सोम दत्त त्यागी, प्रधानाचार्या रजनी त्यागी एवं को-ऑर्डिनेटर तान्या त्यागी, विज्ञान शिक्षक श्रीमती मेघा, प्रवंजन, रमन, तृप्ति, जगदम्बा, शीतल, रोशनी, स्नेहा, स्वाति, ओंगिता, अंकीता, पूजा, प्रतिभा, मीनाक्षी, सुषमा, शम्मी, शालिनी, ईशा तथा ऋतु आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में एक कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला की अध्यक्षता हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत ने कहा कि बालिकाएँ हमारे समाज की धरोहर हैं, उनके सशक्तिकरण एवं समान अधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से पालन कर लिंग चयन की कुप्रथा को रोकना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित आशा कार्यकत्रियों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे समुदाय स्तर पर भ्रूण लिंग परीक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर सकें और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो। र्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक हरदेव राणा, कम्युनिटी मोबाइलाइजर सीमा पलवल, ज्ञानेंद्र पंवार, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीबी के मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा देहरादून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उषाकिशन फाउंडेशन देहरादून द्वारा ओएनजीसी के सीएसआर सहयोग से क्रियशियन हास्पिटल हर्बटपुर (लेहमन अस्पताल) में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी निदान मशीन का वितरण किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा (सीजीएम, हेड एचआर सर्विसेज, ओएनजीसी), चंदन सुशील साजन (जीएम (एचआर) एवं आई/सी, सीएसआर, ओएनजीसी), अरुण सिंह (मैनेजर, सीएसआर ओएनजीसी) तथा अस्पताल के पल्मोनरी विभाग के चिकित्सक डॉ.



धर्मा गुजे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर डॉ. धर्मा गुञ्जे ने बताया कि इस मशीन के आने से अब अस्पताल में सैकड़ों मरीजों का टीबी का त्वरित निदान कर यहीं पर इलाज किया जा सकेगा।

पहले इन मरीजों को देहरादून रेफर करना पड़ता था, जिससे जांच और उपचार में देरी होती थी। अब मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा ने कहा, ओएनजीसी का प्रयास है कि सीएसआर के माध्यम से सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सकें। इसी दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर संस्था के सदस्य सागर चौधरी, भारत खोलीया, दीपक जोशी, सैकड़ों स्थानीय लोग, चिकित्साकर्मी तथा अस्पताल प्रबंधन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की भ्रम व झूठ की राजनीति सफल नहीं होने वाली: मुन्ना सिंह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह चौहान ने परीक्षा निरस्तगी पर संतुष्टि जताते हुए इसे सभी छात्रों की शंकाओं का निवारण करने वाला बताया। उन्होंने विपक्ष के बयानों पर भी पलटवार कर कहा कि, परीक्षा के सभी संदेह मुख्यमंत्री ने दूर किए, लिहाजा कांग्रेस की इस मुद्दे पर भ्रम और झूठ की राजनीति सफल नहीं होने वाली।

अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने, सरकार के इस निर्णय को उन्होंने छात्रों की भावनाओं और परीक्षा के प्रति विश्वास कायम रखने वाला बताया।

■ परीक्षा निरस्तगी सभी छात्रों की शंकाओं का निवारण करने वाला फैसला बताया



उन्होंने कहा, परीक्षा देने वाले सभी छात्र हमारे अपने हैं और हम नहीं चाहते कि एक भी छात्र के मन में संदेह रहे। इसी शंका को दूर करने के लिए सरकार द्वारा एसआईटी जांच के बावजूद सीबीआई जांच की घोषणा की गई थी और आज संपूर्ण परीक्षा को ही निरस्त किया गया। यह दोनों निर्णय पुन: साबित करते हैं कि प्रदेश के युवाओं का सुरक्षित भविष्य हमारे लिए दलगत राजनीति से बहुत ऊपर है।

उन्होंने इस पूरे मुद्दे पर सामने आ रही विपक्ष की टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए कहा कि इनकी सरकारों ने ही राज्य की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बेल को पनपाने का काम किया था। कांग्रेस सरकारों में पटवारी भर्ती घोटाला, दरोगा भर्ती घोटाला आदि नियुक्तियां में की गई गड़बड़ियां राज्य की पहचान बनती जा रही थी। युवाओं का सरकारी भर्ती परीक्षाओं से विश्वास उठता जा रहा था। लेकिन धामी सरकार ने नकल माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की और देश का सबसे कड़ा नकल निरोधक कानून लागू किया। परिणाम सामने आया कि राज्य निर्माण से अब तक की सबसे अधिक नियुक्तियां युवाओं को दी गई। यह सही है कि नकल की एक घटना ने छात्रों की मन में शंका स्थापित की है। उसके भी निवारण के लिए पूरी गंभीरता से हमारी सरकार कार्रवाई कर रही है।जिन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने का पाप किया, अब वही कांग्रेस परीक्षा प्रक्रिया पर भ्रम फैलाने का ढोल पीट रही है। प्रदेश की जनता बहुत समझदार है और कांग्रेस नेताओं की ऐसी काल गुजा. रियों को अच्छी तरह पहचानती है। उनमें परीक्षा को लेकर कुछ संशय अवश्य बना होगा, जिसे मुख्यमंत्री धामी ने अपने साहसिक निर्णयों से अब पूरी तरह दूर कर दिया है।

# सैनिकों के बीच जाकर मुझे हमेशा होती है अपनेपन और गर्व की अनुभूतिः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को जसवंत सिंह ग्राउंड, गढ़ी कैंट में आयोजित ''देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली'' में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सीडीएम अनिल चौहान को हाऊस अक्र्फ हिमालयास के उत्पादों की किट भी भेंट की।

देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली'' में राज्यपाल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम की शुरुआत में अपनी सैनिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा, मैं 4057572 राईफलमैन गणेश जोशी गढ़वाल राइफल का ही जवान था। मंत्री ने



कहा कि यदि मैं सैन्य पृष्ठभूमि से न होता तो शायद विधायक या मंत्री भी नहीं बन पाता। मंत्री के इस आत्मीय संबोधन से पूरा मैदान जय हिंद के नारों से गूंज उठा और उपस्थित पूर्व सैनिक भावविभोर हो उठे।

मंत्री जोशी ने कहा, ह्मैं जब भी सैनिकों के बीच जाता हूं तो एक मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक पूर्व सैनिक के रूप में जाता हूं। सैनिकों के कार्यक्रम जहां भी आयोजित होते हैं, मेरी पूरी कोशिश रहती है कि मैं वहां पहुंचूं। सैनिकों के बीच जाकर मुझे हमेशा अपनापन और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तराखंड के राज्यपाल एक पूर्व सैनिक हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री एक पूर्व सैनिक के पुत्र हैं, और सैनिक कल्याण मंत्री स्वयं एक पूर्व सैनिक हैं। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के प्रति कितनी संवेदनशील है। मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम किसी शहीद को वापस नहीं ला सकते, लेकिन उनकी वीरता को जीवित रखना और उनके बलिदान का सम्मान करना हर देशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि देहरादून के गुनीयाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस सैन्य धाम में शहीदों के सम्मान में निकाली गई 'शहीद सम्मान यात्रा' के दौरान प्रदेश के 1734 शहीद परिवारों के आंगन की पवित्र मिट्टी और 28 पवित्र नदियों का जल एकत्र कर अमर जवान ज्योति में प्रतिस्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यह सैन्य धाम प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए शौर्य, बलिदान और देशभक्ति का प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

मंत्री जोशी ने इस अवसर पर यह भी बताया कि सैनिक कल्याण विभाग द्वारा उत्तराखंड सब एरिया को गोल्फ कार्ट प्रदान किए गए हैं, जिन्हें उपनल (उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड) के माध्यम से वित्त पोषित किया गया है। ये गोल्फ कार्ट पूर्व सैनिकों, वृ)जनों और दिव्यांग सैनिकों की सुविधा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिकों की भूमि है और राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

# बेटे को पीटा, पिता पर फेंकी गर्म चाय, पुलिस से उलझे दबंग

**हल्द्वानी।** जहां एक ओर प्रदेश के एडीजी (कानून व्यवस्था) की अपराध समीक्षा बैठक प्रस्तावित है, वहीं दूसरी ओर शुक्रवार आधी रात को एसटीएच के बाहर दबंगई की घटना ने पुलिस की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क पर खुलेआम गुंडागर्दी करने वाले युवकों ने न सिर्फ एक चाय बेचने वाले युवक को पीटा, बल्कि उसके पिता पर गर्म चाय फेंक दी। यही नहीं, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी उस्मान एसटीएच बाहर चाय का ठेला लगाकर अपने परिवार का पेट पालते हैं। उस्मान के मुताबिक बीते शुक्रवार की रात करीब साढ़े 12 बजे वह अपने बेटे के साथ दुकान पर मौजूद थे। तभी कुछ युवक वहां आए और सामान खरीदा, लेकिन जब पैसे मांगे गए तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उस्मान के बेटे से मारपीट शुरू कर दी। जब उस्मान बीच-बचाव के लिए आगे बढ़े, तो एक युवक ने उनके ऊपर गर्म चाय फेंक दी, जिससे वे झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीपीनगर पुलिस ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन दबंग युवक टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार से ही उलझ गए। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज की, यहां तक कि एक युवक ने पुलिस पर ही आरोप लगाते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिली है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

## युवक से लूट, पुलिस ने नहीं सुनी

**हल्द्वानी।** बीमार पत्नी की सेवा में लगे एक युवक के साथ लूट की वारदात उस वक्त हो गई जब वह अस्पताल से कुछ देर के लिए रोडवेज की ओर गया था। आरोप है कि अज्ञात लुटेरों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और 19 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने इस मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता लाल. कुआं निवासी दीपक रावत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी कुछ समय से बीमार हैं और उनका इलाज सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में चल रहा है। उसने बताया बीते शुक्रवार को वह पत्नी की तीमारदारी के बीच किसी काम से रोडवेज बस स्टेशन की ओर गया था, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। जब उसे होश आया, तो वह खुद को लुटा हुआ महसूस कर पुलिस के पास मदद के लिए पहुंचा।

**प्रतिबंधित दवाओं पर कार्रवाई**

**हल्द्वानी।** बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के मद्देनजर औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने सर्दी खांसी की प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ कार्यवाही की। शनिवार को वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने मुखानी क्षेत्र के सात मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्मों को कफ सिरप की बिक्री से संबंधित शासन-प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। मेडिकल स्टोर में सिरप कोल्डरिफ, सिरप रेस्पीफेश-टीआर और सिरप रिलीफ जैसी प्रतिबंधित दवाएं किसी भी स्टोर में उपलब्ध नहीं पाई गई। हालांकि, तीन औषधि विक्रय फर्मों में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी कर सात दिवस में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

# सहकारी मॉडल की दिशा में कदम बढ़ाएगा नैनीताल दुग्ध संघः मुकेश बोरा

### वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में दूध के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल लालकुआं दुग्ध संघ ने अपने 75वें स्थापना वर्ष पर आयोजित वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर तक की संभावित वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया। संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने इस दौरान कहा कि आगामी वर्ष से दुग्ध उत्पादकों को अधिक भुगतान किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि प्रोत्साहन राशि अब साल में चार बार यानी तिमाही आधार पर दी जा रही है, जिससे उत्पादकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार को कालाढूंगी रोड स्थित एक वैक्वेट हॉल में आयोजित नैनीताल सहकारी दुग्ध संघ के 75वीं वर्षगांठ पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मेयर गजराज सिंह बिष्ट, बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक, राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, राज्यमंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू सहित दुग्धसंघ के अध्यक्ष मुक. ेश बोरा ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अध्यक्ष मुकेश बोरा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि नैनीताल दुग्ध संघ जल्द ही सहकारी मॉडल के तहत कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री की दिशा में कदम बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि महिला दुग्ध समितियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी उपज को भी संघ अपने स्तर से खरीदेगा। बोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और डेयरी मंत्री सौरभ





बहुगुणा के सहयोग की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने बताया कि सीएम द्वारा छह करोड़ रुपये की अनुदान राशि भी जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी प्रतिदिन 1. 35 लाख लीटर दूध की खपत हो रही है। जबकि 2.52 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर किसानों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने छह करोड़ की अनुदान राशि जारी कर दी है। उन्होंने लोगों से शादी एवं अन्य कार्यक्रमों में आंचल के बजाय दूसरे ब्रांडों की खपत के लिए जन जागरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हलवाई के कहने से आंचल से विमुख होना गलत है। उन्होंने इस दुग्ध संघ को यहां तक पहुंचाने के लिए पूर्व सीएम गोविंद बल्लभ पंत, हेमवती नंदन बहुगुणा, एनडी तिवारी एवं सोबन सिंह जीना को भी याद किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गजराज सिंह बिष्ट ने दुग्ध उत्पादकों की सराहना करते हुए कहा कि नैनीताल दुग्ध संघ ने राज्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा के महामंत्री तरुण बंसल ने भी बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए और तमाम अतिथि सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी का किसानों के लिए दिए गए संदेश का लाइफ प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का संचालन संजय भाकुनी द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री तरुण बंसल, दायित्त्वधारी डा. अनिल डब्बू, सुरेश भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, शांति मेहरा, संजय किरौला, निबंधक संयज उपाध्याय, चमोली जिला दुग्ध संघ अध्यक्ष, बीना आर्या, सुशील शर्मा, पंकज फुलारा, डा. छवि कांडपाल बोरा, दीपक मेहरा, केडी रूबाली, ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट, हेमा देवी, पुष्पा देवी, दीपा देवी, खष्टी देवी, दीपा रैक्वाल, कृष्णा कुमार शर्मा, गोविन्द मेहता, आरएन तिवारी, दिगर मेवाड़ी, विपिन जंतवाल, पान सिंह मेवाड़ी समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**विरोधियों पर हमला, 'आंचल' ब्रांड की चिंता**

नैनीताल लालकुआं दुग्ध संघ ने अपने 75वें स्थापना पर जहां दुग्ध संघ अध्यक्ष ने सीएम पुष्कर सिंह धामी और डेयरी मंत्री सौरभ बहुगुणा का जमकर गुणगान किया तो वहीं उन्होंने अपने संबोधन के दौरान एक बार फिर राजनीतिक विरोधियों पर हमला करते हुए अपनी जेल यात्रा के लिए कुछ नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा ओखलकांडा जैसे क्षेत्र से निकलने वाले एक किसान के बेटे को कुछ लोग पचा नहीं पाए और उसे जेल भिजवा दिया, पर मैं किसान का बेटा हूं और वे किसानों के सहयोग से अपना काम करते आ रहे हैं।

# ससुर की मौत पर पहुंची बहु को ससुरालियों ने पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ससुर के अंतिम दर्शन को ससुराल पहुंची बहू से ससुरालियों ने जमकर मारपीट कर दी। इसी बीच बचाव को पहुंचे उसके मौसेरे भाई और एक वृद्धा के साथ ही मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी आरफी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका उसके पति से तलाक हो चुका है और उसका देहांत भी हो चुका है। उसने बताया कि बीती 7 अक्टूबर को उसके ससुर मस्तान साबरी का देहांत हो गया था, जिनको देखने के लिए अगले दिन दोपहर वह अपनी बेटी फातिमा के साथ ससुराल पहुंची। आरोप है कि यहां चचिया सास खैरून्निशा उर्फ गुड्डो ससुर को देखने के लिए मना करने लगी। आरफी ने विरोध किया तो अली नवाज समद, शाहनवाज और शाहनेजर ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने बताया कि जब उसकी मौसी का बेटा जॉनी बीच-बचाव में आया तो उन लोगों ने लाठी डंडो से उस पर भी हमला कर दिया। इतना ही नहीं उसकी 95 वर्षीय नानी चन्दा के साथ भी ससुरालियों ने मारपीट की है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अराजक तत्व हिरासत में

**हल्द्वानी।** त्योहारी सीजन में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन रोमियों को और अधिक तेज कर दिया है। बीते शुक्रवार की शाम से ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सड़कों पर उतरकर हुड़दंगियों, नशा करने वालों और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और बाजारों में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं, बुजुर्गों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। 99 अराजक तत्वों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें आवश्यक चेता. वनी और चालान के बाद छोड़ा गया। 4 नशे में वाहन चला रहे चालकों को गिरफ्तार कर वाहन सीज किए।

# टैलेंट की तलाश पूरीः सिविल सर्विसेज ट्रायल में हल्द्वानी से 141 का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खेल निदेशालय देहरादून के दिशा-निर्देशों के क्रम में केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक बोर्ड भारत सरकार द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खेल प्रतियोगिता के लिए जनपद स्तरीय ट्रायल का आयोजन द्विदिवसीय चयन शिविर के रूप में स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ट्रायल शिविर का नेतृत्व जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा किया गया, जिसमें भिन्न-भिन्न खेलों में पुरुष व महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया।

ट्रायल में कुल 157 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कर प्रतिभाग किया। जिसमें एथलेटिक्स में पुरुष 20, महिला 14, बास्केटबॉल में पुरूष 4 महिला 3, क्रिकेट में पुरुष 23, बैडमिंट में पुरुष 8 और 4 महिला, फुटबॉल में पुरुष 5, हॉकी में पुरुष 3 व महिला 5, बालीबॉल में महिला 8, कैरम में पुरुष 3, चैस पुरुष 7 महिला 2, कबड्डी में पुरुष 2, खो- खो में पुरुष 4 व महिला 3, टीटी पुरुष 12 व महिला 2, पावर लिफ्टिंग में 1 महिला, योग पुरुष 6 व महिला 4, तैराकी में पुरुष 8 व 3 महिलाएं शामिल हैं। ट्रायल में 157 प्रतिभागियों ने पंजीकरण व ट्रायल मे प्रतिभाग किया ट्रायल के उपरांत खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण बैटरी टेस्ट एवं तकनीकी कौशल का आकलन एनओएमस मानकों के अनुसार किया गया। मेरिट के आधार पर कुल 141 खिलाड़ी, जिनमें 103 पुरुष और 38 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, का चयन राज्य स्तरीय सिविल सर्विसेज ट्रायल के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ियों की सूची को चयन समिति अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी के अनुमा. ेदन के उपरांत खेल निदेशालय देहरादून एवं संबंधित जनपदों के जिला क्रीड़ा अधिकारियों को भेज दिया गया है। चयन प्रक्रिया के तहत हॉकी एवं तैराकी के राज्य स्तरीय ट्रायल आगामी 13 और 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोलापार में जिला क्रीड़ा अधिकारी, नैनीताल के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जाएंगे। इस सफल आयोजन में जिला खेल विभाग के समस्त अधिकारीगण, सहायक प्रशिक्षक एवं अनुबंध प्रशिक्षकों ने समर्पण के साथ कार्य किया और आयोजन को व्यवस्थित व प्रभावी ढंग से संपन्न कराया।

# दिवाली तक अतिक्रमण न हटाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी ने आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को अस्थायी रूप से स्थगित करने की मांग को लेकर एसडीएम राहुल साह के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इसकी जानकारी व्यापारियों ने नगर आयुक्त ऋचा सिंह को भी दे दी। व्यापारियों द्वारा डीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि दीपावली भारत का सबसे बड़ा त्योहार है, और इससे स्थानीय व्यापारियों की आजी. विका प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। ऐसे में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू रखने के लिए अतिक्रमण अभियान को दीपावली तक रोके जाने की आवश्यकता है, ताकि हजारों व्यापारियों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। व्यापार मंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि खील, खिलौने और दीपावली से जुड़ी सामग्री के अस्थायी बाजार को रामलीला ग्राउंड में लगाने की अनुमति दी जाए, जिससे मुख्य बाजारों में भीड़-भाड़ कम हो और व्यवस्था नियंत्रित ढंग से संचालित हो सके। ज्ञापन देने वालों में विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, उपेंद्र कनवाल, राकेश बेलवाल, प्रशांत अग्रवाल, नईम खान, मिंटू देवल, किशन जायसवाल, सौरभ अग्रवाल, प्रकाश बेलवाल आदि शामिल रहे।

**बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भेजे सुझाव**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए बाजारों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी को सुझाव भेजे हैं। संगठन ने यह सुझाव मेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर उन्हें धरातल पर लागू करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट एवं जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने बताया कि त्योहारों के दौरान कुछ असामाजिक तत्व सड़कों पर धनराशि लेकर अवैध रूप से ठेले व फड़ लगवाते हैं, जिससे मुख्य बाजारों में अतिक्रमण फैल जाता है और यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो जाती है। संगठन ने कहा अतिक्रमण हटाओ अभियान को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि सड़कों पर अतिक्रमण रोककर सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## नारायणी सेवा समिति का नेत्र शिविर आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नारायणी सेवा समिति नारायणी सेना एवं ज्योति नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में कल यानि आज रविवार को हीरानगर में एक वृहद नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस नेत्र शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। नारायणी सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष रूद्राक्ष सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर समिति के कार्यालय योग पार्क के निकट हीरानगर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित किया जाएगा। श्री बिष्ट ने हल्द्वानी शहरवासियों, विशेष रूप से हीरानगर क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर नेत्र जांच कराएं और इसका पूर्ण लाभ उठाएं।

# पारदर्शी होंगे यूथ कांग्रेस के चुनावः भवेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवक कांग्रेस देश का ऐसा पहला राजनीतिक संगठन है जो पूर्णतः पारदर्शिता और लोकतांत्रिक तरीके से आंतरिक चुनाव आयोजित करता है। इस चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर योग्य युवा नेतृत्व को अवसर दिया जाएगा। यह बात युवक कांग्रेस के जिला चुनाव प्रभारी भवेश प्रताप पाठक ने कहीं। उत्तराखंड युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों का बिगुल बज चुका है। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में नैनीताल जिले के चुनाव प्रभारी भवेश प्रताप पाठक के पहुंचने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। चुनाव प्रभारी भवेश प्रताप पाठक ने चुनाव प्रक्रिया की




**संगठन में नेता सीधे सदस्यता से चुने जाएंगे**

विस्तृत रूपरेखा जारी करते हुए बताया कि अब संगठन में नेता सीधे सदस्यता से चुने जाएंगे, जो भारतीय राजनीति में सच्चे लोकतंत्र की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने युवाओं से बड़ी संख्या में चुनाव में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि युवक कांग्रेस की रीढ़ वे युवा हैं जो विचारधारा और कर्म से संगठन को मजबूत बनाते हैं। चुनाव कार्यक्रम के तहत सदस्यता अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को होगी जबकि प्रचार अवधि 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक होगा। नामांकन प्रक्रिया 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। जबकि नामांकन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई। शिकायत दर्ज करने की अवधि 24 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक रखी गई। नामांकन की अंतिम सूची 5 नवम्बर को जारी होगी। सदस्यता अधारित मतदान 10 नवम्बर 9 दिसम्बर को होगा। युवक कांग्रेस में सदस्य और पदाधिकारी बनने के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। 26 अक्टूबर 1989 से 24 अक्टूबर 2007 के बीच जन्म लेने वाले युवा इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। पत्रकार वार्ता में गोविन्द बगडवाल, राजा फर्स्वाण, जीवन बिष्ट, उदित करायत, मो. इमरान, मो. आसिफ, अमन, महेन्द्र, मंयक गोस्वामी, शोभित कुमार, बंटू आर्य मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

### हल्दुआ चेकपोस्ट पर 150 लीटर दूध, 60 किलो पनीर, 25 किलो मावा की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार को देखते हुए उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसार जनपद नैनीताल में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सघन जांच लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को हलदुआ फॉरेस्ट चेकपोस्ट पर सुबह 5 बजे से साढ़े 11 बजे तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दर्जनों वाहनों की गहन जांच की गई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान दूध, दही, क्रीम, पनीर व मावा जैसे ताजे एवं संवेदनशील खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करना रहा।

चेकिंग के दौरान सरकारी व निजी बसों, छोटा हाथी, और अन्य वाहनों से 150 लीटर दूध, 60 किलो पनीर, 25 किलो मावा और 40 किलो क्रीम



जब्त कर जांच की गई। संदेह की स्थिति में दूध, पनीर, दही और खोया के कुल 6 नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि इन नमूनों में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने जानकारी दी कि दीपावली व अन्य त्योहारों के मद्देनजर विभाग पूरी सतर्कता के साथ लगातार निरीक्षण अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा, किसी भी स्थिति में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा। जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर जिले में संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो प्रतिदिन जांच कर रिपोर्ट भेज रही हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम नागरिकों से संवेदनशीलता और जागरूकता दिखाने की अपील की है। यदि कहीं भी संदेहास्पद खाद्य पदार्थ बिकते हुए दिखाई दें, तो तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते जरूरी कार्रवाई की जा सके। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनगर असलम खान, आरआई हरीश चंद्र यादव, आरएसआई गौरव बिनवाल, पुलिस उप निरीक्षक प्रेम बल्लभ जोशी आदि मौजूद रहे।

## बेटियों संग संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 14वें अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर साथी संगठन हल्द्वानी के तत्वाधान में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मल्ली बमोरी की छात्राओं और शिक्षकों के साथ जनजागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सामाजिक सम्मान के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ- समाज को प्रगतिशील बनाओ, बेटी को अधिकार दो, बेटे जैसा प्यार दो जैसे नारों के साथ विद्यालय से चंबल पुल और वापस विद्यालय तक रैली निकाली गई। रैली के उपरांत विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में साथी संगठन के सदस्यगण और जनप्रतिनिधियों ने बालिकाओं को बालिका दिवस के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर आनंद सिंह ठठोला, लीलाधर पांडे, विजय तिवारी, नंदा बल्लभ गुणवंत, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, चंदन सिंह मेहता आदि थे।

# जगदीश अध्यक्ष, मंत्री बने उमेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। शनिवार को काठगोदाम डिपो में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कुमाऊं मंडल नैनीताल का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिका. रियों डूंगर सिंह संभल, विक्रम सिंह डंगवाल व भूपेंद्र अधिकारी की देखरेख में पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल व क्षेत्रीय मंत्री उमेश चन्द्र जोशी को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त बालम सिंह व राहुल कुमार को उपाध्यक्ष, ललित मोहन जोशी व दिनेश कुमार को संयुक्त मंत्री, कोषाध्यक्ष पीसी बिष्ट, संगठन मंत्री बलराम आर्य, सम्पेशक शंकर दत्त जोशी, प्रांतीय सदस्य आन सिंह जीना, शंकर सिंह, श्याम सिंह शाही, गोपाल पपनै, राजेश कोहली, प्रमोद बर्गली, जगमोहन, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजय चौहान व रमा शंकर मनोनीत किए गए। इस दौरान कमल तिवारी, योगेश जोशी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा

**● वेस्टइंडीज से 378 रन आगे, वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिरे, स्टंप्स तक स्कोर 140 रन, जडेजा को तीन विकेट मिले**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा।

वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्यादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियां देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129, रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया।

जॉन कैंपबेल एक अजीबा. `गरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गें. दबाज़ी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाए और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोघ। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाए। कुलदीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाए। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। लंच के बाद शुभमन गिल ने शतक बनाकर तेजी के साथ रन बनाने शुरु किए। इसी दौरान 135 ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस्टर चेज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया और इसी के साथ भारत ने 518 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी है। शुभमन गिल ने 196 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 129 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 318 रन से आज आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र के दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल रनआउट के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अनमोल खरण सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनमोल खरब ने आर्कटिक ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिनलैंड के वांता में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक्स डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार, महिला एकल बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में विश्व में 62वें स्थान पर काबिज 18 वर्षीय भारतीय शटलर ने डेनमार्क की विश्व में 63वें स्थान पर काबिज अमाली शुल्ज को मात्र 36 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट में अनमोल खरब का सबसे अच्छा प्रदर्शन पिछले साल गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहा था।

### आप सिर्फ पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने वाले भारतीय दल को शनिवार को सम्मानित किया और उनके असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की।

भारत विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित कुल 22 पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने पैरा एथलीटों को 1-09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। भारत की मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। आज यहां सम्मान समारोह के दौरान मांडविया ने कहा कि आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं।

# भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

**कराची, वार्ता।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए।

नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया, श्आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितम्बर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल के बाद





**● मोहसिन नकवी ने कहा: मेरी इजाजत के बिना न दें, टीम इंडिया ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी**

नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन होने के नाते प्रेजेंटेशन सेरेमनी में आए थे। सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने कहा कि भारतीय टीम उनसे अवाड्र्स नहीं लेगी। भारतीय टीम एसीसी के किसी अन्य अधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने को तैयार थी, पर नकवी खुद ट्रॉफी देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतर गए। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। दूसरी ओर, पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बार-बार 6-0 के इशारे किए थे। वे पाकिस्तान के इस फर्जी दावे को दोहरा रहे थे कि पाकिस्तान ने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 फाइटर जेट गिराए थे। नकवी ने कहा था- मैं कार्टून की तरह खड़ा था 10 सितम्बर को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत को चौंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। नकवी ने कहा, श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 1 अक्टूबर को खबर आई थी कि नकवी ने बीसीसीआई के विरोध के बाद एशिया कप ट्रॉफी को एसीसी ऑफिस में जमा करा दिया है। भारतीय बोर्ड ने एसीसी की एनुअल मीटिंग में नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। इतना ही नहीं, भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है।

# कप्तान के रूप में गिल ने जड़ा अपना 5वां टेस्ट शतक

**कप्तान के रूप में गिल कुक और सुनील गावस्कर की श्रेणी में पहुंचे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को कप्तान के रूप में मात्र 12 पारियों में अपना पांचवां शतक जड़ा। यह कुल मिलाकर उनका 10वां टेस्ट शतक है। कप्तान के रूप में गिल का यह शतक एक ऐसा रिकॉर्ड है जो उन्हें एलेस्टेयर कुक और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों की श्रेणी में ला खड़ा करता है। गिल ने खैरी पियरे की गेंद को कवर के ऊपर से तेजी से कट किया और तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। प्रशंसको का आभार व्यक्त करते हुए अपनी टोपी उठाई और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को गले लगा लिया। गिल ने 177 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। गिल की यह उपलब्धि केवल आंकड़ों के लिए ही उल्लेखनीय नहीं है। कुक नौ पारियों में पांच शतकों के साथ पहले और दस पारियों में गावस्कर ही कप्तान के रूप में सबसे तेज पांच शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वास्तव में इससे पहले केवल विराट कोहली ही एक कैलेंडर वर्ष में भारतीय कप्तान के रूप में पांच टेस्ट शतक लगा पाए थे। उन्होंने यह उपलब्धि दो बार, 2017 और 2018 में हासिल की थी।



# पार्थसारथी व तविश पाहवा ने अंडर-16 वर्ग में खिताब जीता

**● पार्थसारथी ने श्रीनिती चौधरी को तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6 व 6-4 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2025 के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने।

लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, पार्थसारथी को कड़ी टक्कर देनी पड़ी और उन्होंने श्रीनिति चौधरी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से हराया। उन्होंने पहला सेट बिना कोई गेम गंवाए आसानी से जीत लिया, लेकिन श्रीनिति ने दूसरे सेट में प्रभावशाली वापसी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद, अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए अगले चार गेम लगातार जीतकर एक घंटे 57 मिनट में खिताब अपने नाम कर लिया। इस बीच, लड़कों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, तविश पाहवा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने दोनों सेटों में लगातार बेसला. इन खेल और महत्वपूर्ण सर्विस ब्रेक के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। मन्नान ने दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन तविश के सधे हुए शॉट चयन और मान. सिक दृढ़ता ने उन्हें सीधे सेटों में खिताब जीतने में मदद की। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे होनहार जूनियर टेनिस प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है।

# मेदवेदेव शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**● फ्रांस के आर्थर ने कनाडा के फेलिक्स को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया**

**शंघाई, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2019 के शंघाई मास्टर्स चैंपियन ने ऐस लगाकर जीत पक्की की और अब अपने करियर के 61वें एटीपी टूर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव, जिन्होंने पिछले राउंड में लर्नर टिएन के खिलाफ लगभग तीन घंटे संघर्ष किया था, ने कहा कि मैं बहुत थका हुआ था, और मुझे पता था कि एलेक्स के खिलाफ, लर्नर की तरह, हमारे पास लंबे अंक होंगे। मुझे लगता है कि तीसरे या चौथे गेम में हमारी कुछ लंबी रैलियां हुई, और मुझे लगा कि यह एक लंबा दिन होगा, लेकिन मैं अपने खेल से खुश हूं। मैंने महत्वपूर्ण क्षणों



में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, गेंद को शानदार तरीके से मारा और उस पर दबाव डाला। दूसरा सेट कड़ा था, लेकिन अंत में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैं इस स्तर से वास्तव में खुश हूं। इस बीच, फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 1995 में जन्मे रिंडरकनेच इस साल के टूर्नामेंट के सबसे चौंकाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उनकी करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग इससे पहले 42वें स्थान पर थी। रिंडरकनेच ने कहा कि यह अविश्वसनीय रहा है, और आज मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मुझे खुशी है कि यह सीधे सेटों में हुआ, इसलिए मैं कल के लिए ज़्यादा थका हुआ नहीं हूं।

### रणजी ट्रॉफ़ी में वापसी करेंगे सरफराज, सूर्या को जगह नहीं

**मुंबई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर 15 अक्तूबर से शुरू हो रही रणजी ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई की कप्तानी करेंगे। श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शिवम दुबे और सरफ़राज खान भी शामिल हैं। पिछले सीजन तक मुंबई की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे टीम में मौजूद हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव टीम का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर भारत की इंग्लैंड दौरे वाली टेस्ट टीम का हिस्सा थे और पांच में से दो टेस्ट खेले थे, लेकिन मौजूदा वेस्टइंडीज दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ। उनका पिछला प्रथम श्रेणी मैच दलीप ट्रॉफ़ी में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ़ था। सरफराज दलीप ट्रॉफ़ी से बाहर थे क्योंकि उन्हें बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी। दुबे ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के लिए रवाना होने से पहले रणजी ट्रॉफ़ी का पहला राउंड खेलेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी भारतीय टीम

**● भारत का शीर्ष और मध्यक्रम अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम रविवार को आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 13वें मैच में डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी, जहां उसे अपने चरित्र और कौशल की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

कागज़ों पर, यह दो क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच मुक. ाबला है( लेकिन व्यवहार में, यह संयम की लड़ाई है, जहां भारत का शीर्ष और मध्य क्रम आज के महिला क्रिकेट के किसी भी गें. दबाज़ी आक्रमण की तरह अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है। भारत का अब तक का अभियान विरोधाभासों से भरा रहा है।



श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत ने टीम की चमक दिखाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार ने लचताजनक असंगति को उजागर किया, खासकर शीर्ष और मध्य क्रम में। शीर्ष क्रम की मुख्य खिलाड़ी स्मृति मंधाना अच्छी शुरुआत को सार्थक पारी में बदलने के लिए जूझ रही हैं, तीन मैचों में केवल 54 रन बना पाई हैं, जो उनके स्तर की खिलाड़ी से अपेक्षित से बहुत कम है। जेमिमा रोड्रिग्स और प्रतीका रावल का योगदान छिटपुट रहा है, और यहां तक कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी लगातार अपनी लय नहीं बना पाई हैं, जिससे भारत जल्दी ही बिखरने का शिकार हो गया है। ऐसी शुरुआत ने निचले क्रम को बोझ उठाने पर मजबूर कर दिया है, और अक्सर बढ़ते दबाव में पारी को संभाला है। इन मुश्किलों के बीच, ऋचा घोष उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी 94 रनों की पारी ने आक्रामकता और नियंत्रण का संयोजन करने की उनकी क्षमता को दर्शाया है, और उन्होंने उस समय विरोधियों का डटकर सामना किया जब दांव सबसे ज़्यादा था। स्नेह राणा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे भारतीय टीम में लचीलेपन की गहराई का पता चलता है। फिर भी, क्रिकेट उस टीम के लिए शायद ही कभी अच्छा होता है जो एक या दो खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, और एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, भारत को अपनी वरिष्ठ बल्लेबाज़ों से और अधिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी फॉर्म में है। हीली, एलिस पेरी, बेथ मूनी और फोएबे लिचफील्ड जैसी उनकी बल्लेबाजी लाइनअप गहरी और अनुभवी है।

### उपेन्द्र रेलवे के लिए रणजी टीम में चयनित

**गोरखपुर, वार्ता।** गुजरात के सूरत में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित रणजी ट्राफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से उपेन्द्र यादव का चयन हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में, बेंगलुरु में 16 से 19 अक्टूबर तक तथा चंडीगढ़ में 26 से 29 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से अंचित एवं विराट का चयन हुआ है और साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के प्रशान्त अवस्थी भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के कोच होंगे। सूरत में आयोजित इस रणजी ट्राफी में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ी उपेन्द्र भारतीय रेल की टीम का हिस्सा हैं।

# म्लाबा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को महिला विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया। आईसीसी ने गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में बाएं हाथ की स्पिनर ने 17वें ओवर में हरलीन देओल को आउट करने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाने का इशारा किया था। मैच अधिकारियों ने इस हरकत को भड़काऊ माना। म्लाबा को अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का अपमान करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। म्लाबा ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के तहत आरोप स्वीकार कर लिया है यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है। अंपायर जैकलीन विलियम्स, किम कॉटन, कैंडेस ले बोर्डे और सू रेडफर्न के आरोप पर मैच रेफरी ट्रुडी एंडरसन ने यह सजा सुनाई। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है।

CMYK



### भगवानपुर ब्लॉक में एथलेटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : ममता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ब्लॉक की 25 वीं ब्लॉक स्तरीय विद्यालय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अचीवर्स स्पोर्ट्स अकैडमी करौंदी भगवानपुर में हुआ।

उद्घघाटन समारोह की मुख्य अतिथि भगवानपुर क्षेत्र की सम्मानित विधायक श्रीमती ममता राकेश ने कहा कि खेलो से न केवल बच्चों का शारीरिक विकास होता है वरन् साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध भारत की नींव रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में आज रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार एवं केंद्र सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक योजनाएं चला रही है।भगवानपुर ब्लॉक से ही लगभग 200 के आसपास खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार प्रतिमाह ध1000 की धनराशि दे रही है। ब्लॉक एथलेटिक्स रैली के संयोजक एवं बी डी इंटर कॉलेज भगवानपुर के प्रधानाचार्य संजय गर्ग ने  हुए कहा कि



कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से कोई भी बच्चा महान खिलाड़ी बन सकता है। ब्लॉक खेल समन्वयक धनंजय मलिक ने बताया कि  इस ब्लॉक प्रतियोगिताओं में 30 विद्यालय के 550 से अधिक बाल एवं युवा खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर अंडर 19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान-सुमित कुमार,आर एन आई इंटर कॉलेज,भगवानपुर द्वितीय स्थान-विनय कुमार, गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज बुग्गा वाला तृतीय स्थान-बिलाल अहमद,गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज बुग्गावाला अंडर-19 बालिका वर्ग में 'प्रथम स्थान-कु खुशी बी डी इंटर कॉलेज भगवानपुर'द्वितीय स्थान-कु जकिया राजकीय इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर तृतीय स्थान-कु रूपा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बुग्गा वाला इस अवसर पर जिला कीड़ा समन्वयक गजेंद्र सिंह,व्यायाम शिक्षक अरुण मलिक,ओम सिंह विनीत सिंह,जतिन त्यागी, अमित सैनी,ओ पी सोनकर, मनीष सक्सेना, विपुल कुमार प्रदीप कुमार,भीम सिंह, सुधीर सैनी,संजय पाल, नेत्रपाल,विजय त्यागी,रजत बहुखंडी,पुष्पराज सिंह चौहान, रजनीश,सैयद त्यागी, महिला व्यायाम शिक्षक रीना देवी, श्रीमती संगीता श्रीमती उजमा श्रीमती कल्पना सैनी,श्रीमती शालिनी मनी,श्रीमती सुप्रिया गोड़,श्रीमती ललिता,श्रीमती अनुदीप,श्रीमती पारुल, संगीता गुप्ता, तनु, कु शहरिन, कु हिमांशी,कु पायल आदि उपस्थित रहे।

# तीन माह का मासूम बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में जियारत के लिए आए एक परिवार का तीन माह का मासूम बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया।पुलिस ने तहरीर के आधार अपहरण का मुकदमा दर्ज कर  बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। यूपी अमरोहा के ज्योतिबाफुले नगर मोहल्ला कुरैशी निवासी जहीर अंसारी करीब चार दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पिरान कलियर दरगाह में जियारत के लिए आया था।वह अपने परिवार के साथ  अब्दाल साहब रोड स्थित एक दुकान के सामने रात में रुका हुआ था।उसका तीन माह का बेटा अबूजर उसकी पत्नी के साथ सो रहा था। सुबह करीब तीन बजे वह पास में ही चाय लेने के लिए चला गया।जब वह चाय लेकर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी के पास बच्चा नही था।उसने अपने बच्चें को आसपास तलाश किया। काफी तलाश करने के बाद भी बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। जहीर ने थाने में तहरीर देकर अपने बेटे की तलाश करने की मांग की है। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस टीम  सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आसपास के इलाकों में तलाश जारी है। जल्द ही बच्चें को ढूंढ लिया जाएगा।

# पुलिस ने बंद पड़ी फैक्ट्री से सामान चोरी करते एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा बंद पड़ी फैक्ट्री से चोरी कर सामान ले जाते हुए चोर को सूचना के चंद घंटे में ही आमजन के सहयोग से चोरी के समान सहित गिरफ्तार कर लिया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ओसाफ अली पुत्र अब्दुल वहीद निवासी मोहल्ला बरहमनाम थाना मंडावर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल सुपरवाइजर राणा ग्लोबल नियामतपुर रोड गंगनौली थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार द्वारा थाने पर तहरीर दी की दोपहर में कुछ लोगो द्वारा बंद पड़ी राणा ग्लोबल फैक्ट्री से सामान चोरी करके ले गए हैं। सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर सूचना उच्च अधिकारियोंगणो को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार ने पुलिस को निर्देशित किया जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को राणा ग्लोबल फैक्ट्री नियामतपुर रोड गनौली के पीछे से एक मोटरसाइकिल पर चोरी का सामान ले जाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम विनीत पुत्र आजाद निवासी अकौढा कला थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष बताया। उसके कब्जे से एक लोहे की चकोर गार्डन एक पाइप एक गेन्ती एक धुएं का घर का ढक्कन मोटरसाइकिल संबंधित नंबर की बरामद हुई उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल रविंद्र नगर अरविंद चंदेल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### रुड़की पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

# होशियार : नो हेलमेट, नो पेट्रोल की मुहिम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एआरटीओ एवं यातायात पुलिस व एसपी देहात की ओर से दो पहिया वाहन के लिए संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। गणेशपुर स्थित शिखा पेट्रोल पंप पर पुलिस ने दुपहिया वाहान चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक किया और आज से रुड़की में हेलमेट नहीं तो फ्यूल नहीं अभियान की शुरुआत की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट के प्रति जागरुक किया। उन्होंने लोगों को समझाया कि हेलमेट सुरक्षा की दृष्टि से कितना लाभदायक है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि पेट्रोल पंप पर यदि आप तेल लेने जा रहे हैं तो बिना हेलमेट के आपको पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि हेलमेट पहनना उनकी सुरक्षा है, यातायात के नियमों का पालन करना है और हेलमेट पहनने से उनकी जान की सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि आप हेलमेट पहनिए और सुरक्षित रहिए। क्योंकि आपके घर पर आपके परिजनआपका इंतजार करते हैं।

एआरटीओ कृष्ण पलड़िया ने कहा कि आज से शहर में अभियान शुरू किया जा रहा है कि यदि हेलमेट नहीं तो फ्यूल नहीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान सभी पेट्रोल



पंप पर चलाया जाएगा और पेट्रोल पंप स्वामियों को भी इसके लिए निर्देशित किया जाएगा कि बिना हेलमेट लगाए टू व्हीलर को पेट्रोल नही दिया जाए। यातायात निरीक्षक संदीप सिंह नेगी ने कहा कि हम वैसे तो समय समय पर चेकिंग अभियान चलाते रहते हैं और लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि आज से सभी पंप स्वामियों से आह्वान किया जाएगा कि दोपहिया वाहनों को बिना हेलमेट के तेल ना दिया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि चौपहिया वाहनों को लेकर भी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें काली फिल्म लगाना अलाउड नहीं है। यदि किसी गाड़ी पर काली फिल्म लगाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर यातायात पुलिस, परिवहन विभाग की टीम, सीपीयू एवं पंप स्वामी प्रतीक अग्रवाल, आकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

# इफ्को बाजार का लोकार्पण व सहकारिता संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता के अवसर पर इफको राज्य कार्यालय, देहरादून बाजार का लोकार्पण एवं सहकारिता संगोष्ठी का भव्य आयोजन युवराज पैलेस, लक्सर में किया गया। इस आयोजन ने उत्तराखंड में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको, नई दिल्ली के अध्यक्ष दिलीप संघानी रहे। विशिष्ट अतिथियों में इफको के निदेशक उमेश त्रिपाठी और विपणन निदेशक श्री योगेन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष, लि.सहकारी समिति, हरिद्वार, प्रदीप चौधरी ने कीगोष्ठी में सीईओ-इफको बाजार, नई दिल्ली, मधुलिका शुक्ला; इफको राज्य विपणन प्रबंधक, देहरादून, सतीश कुमार; और लक्सर गन्ना मिल के महाप्रबंधक डॉ. बी एस तोमर भी शामिल हुए।मुख्य अतिथि दिलीप संघानी ने अपने संबोधन में कहा कि इफको किसानों की अपनी एक सहकारी संस्था है और इसका हर प्रयास किसान हित को समर्पित होता है। उन्होंने किसान भाइयों से रासायनिक दानेदार यूरिया और डीएपी का उपयोग कम करने का आग्रह किया। उन्होंने नैनो तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग पर जोर दिया, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा होगा, जल और वायु प्रदूषण कम



होगा, और फसल का उत्पादन व गुणवत्ता बढ़ेगी, जिससे किसान की आमदनी में वृद्धि होगी।गोष्ठी स्थल (इफको ई-बाजार, जुगलान पैलेस, हरिद्वार रोड, निकट होटल ग्रीन, देहरादून) पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के विभिन्न सहकारी नेताओं, किसान प्रतिनिधियों और इफको अधिकारियों ने भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने सहकारी आंदोलन को किसानों तक पहुंचाने और नवीन कृषि तकनीकों के लाभ साझा किए। किसानों से अपनी खेती में तकनीक का समावेश करने का आग्रह किया गया, जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में किसान जागरूकता, उत्पादों की उपलब्धता और सहकारी समितियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुईइस आयोजन से लक्सर क्षेत्र के किसानों को इफको बिक्री केंद्र (इफको बाजार) के माध्यम से एक ही छत के नीचे इफको के समस्त खाद और कृषि रसायन उपलब्ध हो सकेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन इफको हरिद्वार के क्षेत्रीय अधिकारी विनोद कुमार जोशी ने किया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल-1 में टीबी मुक्त अभियान जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की द्वारा टीबी मुक्त अभियान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस जागरूकता रैली का उद्देश्य समाज को क्षय रोग की रोकथाम और उन्मूलन के महत्व के बारे में जागरूक करना है, जिससे भारत सरकार की पहल श्टीबी मुक्त भारतश के दृष्टिकोण को समर्थन मिले। प्रधानाचार्य सुश्री ऋतु डोगरा ने टीबी मुक्त अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें कक्षा 5वीं से 9वीं और 11वीं के




लगभग 100 विद्यार्थियों और 7 स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने ष्टीबी को जानोष शीर्षक से एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें आकर्षक प्रस्तुति के माध्यम से क्षय रोग के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

# संरक्षित पशु लेकर जा रहे लोडर वाहन को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर** संरक्षित पशुओं को लेकर जा रहे एक लोडर वाहन को हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने पकड़ लिया। आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। बाद में वाहन को पशुओं सहित पुलिस को सौंप दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। देर रात को हिंदू संगठन से जुड़े अर्जुन, विक्की दीक्षित, लोकेश, सोनू ठाकुर, अंकुल चौहान, विजय आदि ने लक्सर-बालावाली मार्ग पर अकौढ़ा गांव के समीप एक लोडर वाहन को पकड़ लिया। वाहन में तीन संरक्षित पशु बंधे थे। लोगों ने वाहन चालक से पूछताछ की लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस बीच मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद वाहन चालक को वाहन और पशुओं सहित कोतवाली लाया गया। संगठन से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया कि वाहन में पशुओं को क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। पशुओं को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। मामले में अर्जुन की ओर से वाहन चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# मदरसे की जांच में मिड-डे मील में मिला फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ब्लॉक के चार मदरसों में बुधवार को शिक्षा विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। मदरसे में मिड- डे मील फंड में धांधली का फर्जीवाड़ा सामने आया। टीम को ऐसे कई नाम उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज मिले जिन छात्रों ने दो वर्ष पहले ही पढ़ाई छोड़ दी थी। इन छात्रों के नाम पर अब तक मिड-डे मील की राशि ली जा रही थी। इतना ही नहीं, मिड-डे मील के तीन लाख रुपये के चेक सीध मदरसा प्रबंधक के खाते में जमा किए गए थे। वहीं, मदरसा प्रशासन के पास राशन और बिल से जुड़े किसी भी प्रमाण की उपलब्धता नहीं पाई गई। बुधवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक चंद्र शेट के नेतृत्व में दो टीमों ने चार मदरसों का निरीक्षण किया। तहसीलदार विकास अवस्थी के नेतृत्व वाली टीम जब भंगेड़ी महावतपुर स्थित मदरसा तूल आलिम पब्लिक स्कूल पहुंची तो दस्तावेजों की जांच में भारी गड़बड़ी का खुलासा हुआ। प्रशासन अब पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

# प्रतिबंधित ईधन इस्तेमाल करने पर एक गन्ना कोल्हू सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** तहसीलदार विकास अवस्थी ने लंढौरा में गन्ना कोल्हुओं में प्रतिबंधित ईधन इस्तेमाल करने को लेकर छापामार अभियान चलाया। कार्रवाई दौरान रबर, प्लास्टिक व रेक्सीन युक्त खराब कपड़े का इस्तेमाल करते पाए जाने पर एक कोल्हू को सील कर दिया गया है। सील हुए गन्ना कोल्हू के खिलाफ तहसील प्रशासन की दो सप्ताह में यह दूसरी कार्रवाई है। लंढौरा में दर्जन भर से अधिक गन्ना कोल्हू चल रहे है। लोगों आरोप है कि ज्यादातर गन्ना चर्खियों में खोई की जगह रबड़ खराब कपड़े व प्लास्टिक की खराब पन्नियां जला कर गुड़ बनाया जाता है। गन्ना चर्खीयों से निकलने वाले जहरीले धुंए से फैल रहे प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। शनिवार की सुबह लक्सर से लौट रहे तहसीलदार विकास अवस्थी की नजर लंढौरा में एक गन्ना कोल्हू से निकलते काले धुंए पर पड़ी तहसीलदार ने मौके पर रबड़, रेक्सीन वाला खराब कपड़ा व प्लास्टिक की पन्नी जलती पाई जिसके बाद गन्ना कोल्हू को सील कर दिया। तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि लंढौरा में प्रतिबंधित ईधन फूंकते पाए जाने पर एक गन्ना कोल्हू को सील कर दिया गया है। मामले की रिपोर्ट ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने गन्ना कोल्हूओं के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही। तहसील प्रशासन की कार्रवाई के डर से दिन भर गन्ना कोल्हू स्वामियों में हडकंप मचा रहा। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार विकास अवस्थी नायाब तहसीलदार युसुफ अली, अब्दुल रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

# धान की फसल गिरने से किसानों को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** बारिश के बाद हवा चलने से धान की तैयार खड़ी फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने सरकार से सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। झबरेड़ा, लखनौता और इकबालपुर क्षेत्र में धान की देरी से पकने वाली फसल की अभी कटाई नहीं हुई है। कटाई के लिए फसल लगभग तैयार खड़ी है लेकिन बेमौसमी बारिश ने इसे नुकसान पहुंचाया है। बारिश के बाद हवा चलने से पकी हुई फसल जमींदोज हो गई है। खासकर धान की शरबती प्रजाति को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। किसान राजपाल सिंह, संजय व बिजेंद्र आदि ने बताया कि धान की तैयार खड़ी फसल बारिश में हवा चलने से जमीन पर गिर गई हैं। खेतों में बारिश पानी भरने से धान की बालियां पानी में डूब गई हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसान की खराब हुई फसल का सर्वे कराकर सरकार को मुआवजा देना चाहिए। सहायक कृषि विकास अधिकारी चैन पाल सिंह ने बताया कि खेतों में भरे पानी की निकासी तुरंत कर देनी चाहिए।

# बंदूक बेचने जा रहा बुजुर्ग पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बंदूक बेचने जा रहे बुजुर्ग को पुलिस ने मंगलवार रात धर दबोचा। पुलिस ने बंदूक सील कर दी है। बुजुर्ग को गिरफ्तार कर कोर्ट की पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप और अजय को मंगलवार रात सूचना मिली कि एक बुजुर्ग माधोपुर अंडरपास की ओर जा रहा है। उसके पास एक बैग में दो बंदूक है। उसको वह बेचने की फिराक में है। इसपर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जाबिर रसूलपुर को पकड़ लिया। मौके पर वह कोई भी लाइसेंस नहीं दिखा पाया।

# भिक्कमपुर गांव में बुखार का प्रकोप जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भिक्कमपुर गांव में पिछले करीब एक महीने से बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव में दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर एक सप्ताह बाद भी खून की जांच की रिपोर्ट नहीं देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश और चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आखिरी बार 5 अक्तूबर को गांव में एक कैंप लगाया था जिसमें 88 मरीजों की जांच और उपचार किया गया था। इस कैंप के दौरान डॉक्टरों की टीम ने चार लोगों में डेंगू जैसे लक्षण मिलने की जानकारी दी थी और 41 लोगों के खून के नमूने जांच के लिए लिए थे। ग्रामीणों का कहना है कि इन नमूनों की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है और स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके बाद दोबारा गांव में नहीं आई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति गंभीर होती जा रही है।

### संजीवनी मेडिकल में रक्तदान शिविर का आयोजन

# हमारे खून से बच सकती है किसी की जिंदगी : किरण चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** संजीवनी मेडिकल कॉलेज झबरेड़ा में शनिवार को लगाए गए रक्तदान शिविर में 62 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। कॉलेज की ओर से कुछ परसस्ती पत्र दिए गए।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं बताया गया है। हमारे द्वारा दान किया गया खून किसी की जिंदगी बचा सकता है। कस्बे में स्थित संजीवनी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ  करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से 48 घंटे के अंदर ही शरीर को जितने रक्त की आवश्यकता होती है वह स्वयं पूर्ति कर लेता है ।अस्पतालों में आने वाले कितने ही गंभीर मरीज जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है यह दान किया गया  रक्त ही उनकी जान बचाता है ।कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर दिनेश कुमार



त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले 62 लोगों को कॉलेज की ओर से कुछ परसस्ती पत्र दिए गए। इस अवसर पर डॉक्टर गौरव चौधरी पूर्व राज्य मंत्री राजवीर सिंह कुलबीर सिंह प्रीति देवी संजय कुमार अतुल कुमार राजेश कुमार यशवीर सिंह ममता देवी उमा देवी शारदा देवी नीति देवी आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी ने 80 स्कूली बच्चों को बैग वितरित  किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की द्वारा आज चलो गांव की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में 80 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गये। स्कूल प्रधानाचार्य रोविन सिंह  द्वारा सभी रोटरी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार रोटरी क्लब ने ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों को शहरी सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ आज गोपाल पुर स्कूल में 80बच्चों को स्कूल बैग दिए गये ध। पूर्व अध्यक्ष रोटे हर्ष प्रकाश काला ने कहा  कि रोटरी विश्व की एक मात्र ऐसी संस्था है जो विश्व में हर क्षेत्र में कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य प्राथमिक कक्षा से ही ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरी सुविधा से सम्पन्न करते हुए कार्य कर रहे हैं। रोटरी क्लब अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी एवं प्रोजेक्ट चौयरमेन डॉ संजीव सैनी ने शीघ्र ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में भी



सभी स्कूली बच्चों को बैग वितरित करने की घोषणा की।

CMYK

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आत्मघाती हमला

## छह आतंकवादी मारे गए, सात जवानों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद से जूझ रहा है। भुखमरी, महंगाई और बेरोजगरी से त्रस्त पड़ोसी देश की आए दिन होने वाले आत्मघाती हमलों ने कमर तोड़ दी है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन और आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार (11 अक्टूबर) को बताया कि गोलीबारी में छह और पुलिसकर्मी मारे गए।

डेरा इस्माइल खान जिले के रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए थे, और कुछ अन्य के परिसर के अंदर छिपे होने की बात कही गई थी। शुक्रवार देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर आई थी, जिससे हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे। डीपीओ डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और आरपीओ सैयद अशफ़ाक अनवर ने मौके पर अभियान की व्यक्तिगत निगरानी की। पांच घंटे की कड़ी मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने उनके पास से आत्मघाती जैकेट, विस्फोटक, आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। 13 घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। डीपीओ के अनुसार हमले के दौरान प्रशिक्षण स्कूल में लगभग 200 प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पुष्टि की कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी और सफाई अभियान जारी है।



■ देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई



इंग्लैंड। मैनचेस्टर में मुक्केबाज रिकी हैटन के अंतिम संस्कार के दौरान मैनचेस्टर कैथेड्रल के बाहर जमा भीड़।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में भारी बारिश से 28 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिका. रियों ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। उनहोंने बताया कि सबसे ज़्यादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चीन ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वेनेजुएला के पास अमेरिकी सैन्य अभियान इसकी प्रमुख वजह है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने की आड़ में वेनेजुएला के कैरिबियन जलक्षेत्र में हाल ही में अमेरिकी सेना की तैनाती की आलोचना की। उन्होंने वेनेजुएला के जहाजों को डुबोने, नाविकों पर गोली चलाने और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को ज़ब्त करने जैसी कार्वाइयों का उल्लेख किया और कहा कि इनसे क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है।

### हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अड्ढे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गई।

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100% अतिरिक्त टैरिफ

## रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहा: चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। ट्रम्प की जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे।

इसके अलावा ट्रम्प ने घोषणा की कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे। एक नवम्बर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जाएंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन ने इस हफ्ते नए प्रतिबंध लागू किए हैं जिनके अंतर्गत विदेशी संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से जयादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है।

चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद जिनपिंग से मुलाक़ात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो ट्रम्प ने जवाब दिया कि हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवम्बर रखी गई है। ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं।



■ नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे
■ मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है, मैं वहां ज़रूर जाउंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया: ट्रम्प

### ट्रम्प को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए 'शांति पर राजनीति' को तरजीह देने का आरोप लगाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य' के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीबीसी के अमेरिकी मीडिया पार्टनर सीबीएस को बताया कि उन्होंने सुमचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं। शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं। चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे।

# गाजा के कुछ हिस्सों से इजरायली सेना पीछे हटी

**दुबई।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद इजरायल ने सैनिकों को गाजा के कुछ हिस्सों से आंशिक रूप से वापस बुला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की सेना ने कहा कि वे समझौते के तहत शुक्रवार को वापस लौट आए हैं, हालांकि सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है। यह युद्धविराम गुरुवार को इजराइल की सरकार द्वारा अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम और बंधक वापसी समझौते के पहले चरण को मंजूरी देने के बाद लागू हुआ।

युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है। समझौते के तहत हमास सोमवार को स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे तक सभी इजरायल के बंधकों को छोड़ेगा, जिसमें 20 जिंदा समेत 28 बंधक शामिल हैं। इजरायल भी उम्रकैद की सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। इजरायल सेना रेडियो ने कहा कि पश्चिम बैंक से 100 और पांच पूर्वी यरुशलम से छोड़े जाएंगे। साथ ही और भी कैदियों को भेजने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिरासत में लिए गए गाजा के 1700 फलस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा। समझौत की शर्तों के तहत चिकित्स एवं राहत सहायता ट्रकों को भी गाजा की जनता तक अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए पट्टी में अप्रतिबंधित रूप से प्रवेश की अनुमति मिलेगी जिनमें से कई लोग दो वर्ष के युद्ध के दौरान बार-बार विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों ने अगस्त में पहली बार इस क्षेत्र के एक हिस्से में अकाल की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि 500000 से अधिक लोग 'भुखमरी, गरीबी और मृत्यु' जैसी 'विनाशकारी' परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, हालांकि इजराइल ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि उसके क्षेत्र में भुखमरी है। इस बीच गाजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिक गाजा शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके से पूर्व की ओर वापस चले गए हैं। दक्षिणी इलाके में कुछ इज़रायली सैनिकों के खान यूनिस क्षेत्र से भी पीछे हटने की रिपोर्टें है।

■ सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है
■ युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है

## पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा जयादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है। हर देश इसमें शामिल है। ईरान भी इसमें शामिल हुआ-मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ। राष्ट्रपति पुतिन। इसका पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए मुझे यह देखकर खुशी हुई कि जिन देशों ने इस प्रक्रिया में ज़रूरी तौर पर शामिल नहीं थे, उन्होंने भी इसका समर्थन किया। पुतिन ने कहा कि गाजा पट्टी के लिए शांति योजना पर ट्रंप की पहल को अरब जगत में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस ने गाजा पर ट्रंप की पहल का लगभग तुरंत समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना इस कठिन समस्या से जुड़े सभी मुद्दों के दीर्घकालिक स्थिरीकरण और समाधान के लिए मुख्य शर्त है।

## जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करती है: हरिवंश

**बारबाडोस।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ -ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए।

# नॉर्थ गाजा लौट रहे हजारों फलस्तीनी

## स्कूल-अस्पताल व घर मलबे में तब्दील हुए, सीजफायर की निगरानी के लिए 200 सैनिक भेजेंगे ट्रम्प

**गाजा।** गाजा में शुक्रवार को सीजफायर लागू होने के बाद फलस्तीनी वापस अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। हजारों लोग दक्षिणी गाजा से पैदल ही गाजा सिटी की तरफ जा रहे हैं। दो साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल से युद्ध के चलते नार्थ गाजा को लोगों ने खाली कर दिया था।

नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है। यहां न बिजली है, न पानी और न ही कोई बुनियादी ढांचा (स्कूल, अस्पताल) बचा है। फिर भी, कई लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। अपने घर लौटे एक व्यक्ति ने मीडिया से कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है, पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मध्यस्थता से यह युद्धविराम हुआ, जिसके तहत हमास 72 घंटे के भीतर जीवित इजरायल बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले इजरायल 250 फलस्तीनी कैदियों और 1700 हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करेगा। इजरायल ने 53 प्रतिशत इलाके से सेना हटाने की घोषणा की है और अब 600 राहत ट्रक रोजाना गाजा पहुंचेंगे। वहीं, गाजा में 200 अमे. रिकी सैनिकों की भी तैनाती की जाएगी। गाजा में युद्धविराम के बाद अमेरिका ने सैनिकों की सीमित तैनाती की घोषणा की है।



■ नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है

### ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है। ट्रम्प का मुक्त किए गए बंधकों से मिलने की भी संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है।

# मैक्रों ने किया लेकोर्नु को फिर पीएम नियुक्त

## चार दिन पहले ही सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पद से इस्तीफा दिया था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था। इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे। लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है। यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा। नए प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है। एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है और मैक्रों की पार्टी ने संकेत दिया है कि उन्हें कार्य करने की पूरी छूट प्रदान की गई है। लेकोर्नु मैक्रों के सबसे वफादार सहयोगियों में से एक हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए मिशन को मैंने कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है, ताकि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट प्रदान किया जा सके और हमारे देशवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सप्ताह फ्रांसीसी टीवी पर लेकोर्नु ने स्वयं को 'सैनिक-भिक्षु' कहा था और सरकार बनाने की तैयारी करते हुए उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं इस मिशन में सफल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। फ्रांस के राष्ट्रीय ऋण में कमी लाने तथा बजट घाटे में कटौती करने के तरीकों पर राजनीतिक मतभेद होने के कारण पिछले वर्ष तीन में से दो प्रधानमंत्रियों को पद त्यागना पड़ा था, इसलिए लेकोर्नु के सामने चुनौती बहुत बड़ी है।





■ नए पीएम के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है

## ई3 देश गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान देने को तैयार

**मास्को।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने अभी हाल ही में इजराइल और फलस्तीन के हमास के बीच घोषित युद्धविराम योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण और संक्रमणकाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि ई3 गाजा में इजरायल द्वारा बस्ती बसाए जाने का विरोध करती है। ई3 देशों की भागीदारी एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा होगी जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अरब देश और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन और अन्य मध्यस्थों ने इस सप्ताह इजराइल और हमास के बीच एक युद्धविराम समझौता करवाया है जिससे संभवत: दो साल पहले शुरू हुए उस युद्ध का अंत हो सकता है।

# भारत लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण: बिरला

**बारबाडोस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है और संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है।

बिरला ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल- एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कभी खाद्यान्न के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर था और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय से लेकर विश्व शक्ति के रूप में सुस्थापित होने का सफ़र प्रभावशाली रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 150 से जयादा देशों को दवाइयां और टीके पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य अधिक. ार है, विशेषाधिकार नहीं।



■ संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा





# दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा

**अबू धाबी।** दीपिका पादुकोण के बाद सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अबू धाबी पहुंचे हैं। दोनों ने अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इसकी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह जोड़ा मस्जिद में टहल रहा है। सोनाक्षी के मुताबिक उन्हें यहां सुकून मिला है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

एक यूजर ने लिखा जूतों के साथ मस्जिद में जाना बहुत गुनाह है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है जहीर भाई एहतराम अल्लाह को पसंद है। मस्जिद के लिए थोड़ी इज्जत रखिए। आप इतने बड़े नहीं हैं कि मस्जिद में जूते उतार कर न जाएं। यहां सोनाक्षी की गलती नहीं है। कई यूजर्स ने सोनाक्षी का सपोर्ट किया है। एक यूजर ने लिखा आपकी ड्रेस फ्लोर से मैच कर रही है। एक और यूजर ने लिखा तो सोनाक्षी के लिए ये आम बात है। दीपिका के लिए नहीं? दोनों एक ही मस्जिद में गईं और दोनों अपने-अपने पतियों के साथ खूबसूरत लग रही थीं। क्या हम लोगों को ट्रोल करना बंद कर सकते हैं और उन्हें शांति से जीने दे सकते हैं, इससे पहले दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की एक मस्जिद में एक विज्ञापन शूट कराया था। उन्होंने अबू धाबी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया था। इस दौरान उन्होंने अबाया और हिजाब पहना था। इस पर उन्हें कई यूजर्स ने ट्रोल किया था। आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल जून में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई के एक आलीशान रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी थी। इसमें कई बालीवुड हस्तियां शामिल हुईं थीं।

## विजय के बाद अब रश्मिका के हाथ में दिखी रिंग

**मुंबई।** साउथ और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच अब उनके सगाई की खबर आग की तह फैल गई।

हैदराबाद में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में 3 अक्टूबर को हुई इस सगाई की झलक तो अब तक फैंस को देखने को नहीं मिली है, लेकिन अब विजय के बाद रश्मिका के हाथों की अंगूठी ने भी सभी का ध्यान खींच लिया है। रश्मिका ने हाल ही में अपने पेट डाग आरा के साथ एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। वीडियो तो मजेदार था, लेकिन फैंस की नजर सबसे पहले पड़ी उनके हाथ में चमकती डायमंड रिंग पर। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में बधाइयों की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, ओएमजी। वो रिंग तो लाजवाब है। तो किसी ने कहा, फाइनली हमने रिंग देख ही ली। वीडियो के जरिए भले ही रश्मिका ने सीधे कुछ न कहा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और उस रिंग ने सबकुछ बयान कर दिया।

## पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर बोली करीना कपूर



**मुंबई।** करीना कपूर हाल ही में अपनी ननद और एक्ट्रेस सोहा अली खान के पाडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर खुलकर बात की। करीना ने बड़े बेटे तैमूर से जुड़ी जानकारी भी शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि तैमूर को एक्टर से ज्यादा क्रिकेटर पसंद हैं। तैमूर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बड़ा ैन है। करीना ने पाडकास्ट में कहा कि तैमूर अभी चीजों को एक्सप्लोर कर रहा है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे एक्टिंग में मजा नहीं आता है। उन्होंने कहा, टिम को ड्रामा या एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब उसे स्कूल में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज चुननी होती, तो मैं लिस्ट पढ़कर और उससे पूछती हूं कि क्या तुम इस साल ड्रामा करना चाहते हो? वो नहीं कहता है। मैं जब वजह पूछती तो वो कहता, नहीं, मुझे इसमें मजा नहीं आता।




## रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है। सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है। ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती है।

## फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज

**मुंबई।** सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीजर और धना पिशाची गीत के बाद, मेकर्स ने अब फिल्म का सबसे जबर्दस्त डांस नंबर पल्लो लटके, पेश किया है,जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं।

